www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

25 मार्च, 2025
चैत्र, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 154

कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें : राष्ट्रपति



माह-ए-रमजान
इफ्तार 6:03 शाम मंगलवार
सेहरी 4:32 सुबह बुधवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में हेमंत सरकार का बड़ा एलान

# जातीय सर्वे अगले वित्तीय वर्ष में होगा

- मंत्री दीपक बिरुआ ने विधायक प्रदीप यादव के सवाल पर दिया जवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में वित्त वर्ष 2025-26 में जातीय सर्वे कराया जायेगा। यह घोषणा सोमवार को विधानसभा में हेमंत सोरेन सरकार की तरफ से की गयी। मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जातीय सर्वे कराने को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार जातीय सर्वेक्षण करायेगी। अगले वित्तीय वर्ष में यह काम होगा। बिरुआ कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के सवाल का जवाब दे रहे थे।

**जातीय सर्वे पर क्या काम हुआ:** प्रदीप यादव ने प्रश्नकाल में सरकार से सवाल पूछा था कि 12 फरवरी 2024 को कैबिनेट बैठक में जातीय सर्वे कराने को लेकर फैसला लिया गया था। एक साल बीत गये, अभी तक इस पर क्या काम हुआ? तेलंगाना जैसे राज्य ने हमसे बाद में जातीय सर्वे कराने का फैसला लिया और वहां यह कार्य पूरा भी हो गया। उन्होंने कहा कि जातीय गणना सिर्फ जनगणना नहीं, बल्कि समाज का एक्सरे है। इससे पता चलता है कि कौन सा व्यक्ति किस पायदान पर है। प्रदीप ने सरकार से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी कि इस दिशा में क्या-क्या कदम उठाये गये हैं।





### इन राज्यों में हुए सर्वे

बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य में सर्वे हुए हैं।

### इन राज्यों में मांग

पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु में सर्वे की मांग हो रही है।

### कार्मिक विभाग को दी गयी है जिम्मेवारी

मंत्री दीपक बिरुआ ने विधानसभा में बताया कि जातीय सर्वेक्षण के लिए कार्मिक विभाग को जिम्मेदारी दे दी गयी है। इस पर काम चल रहा है। जनगणना कराने का काम केंद्र सरकार का है, लेकिन अगले वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार जातीय सर्वे का काम शुरू करायेगी। कौन सी एजेंसी इस कार्य को करेगी, इसे लेकर कुछ से बातचीत हुई है। इसकी प्रक्रिया जारी है। अगले वित्तीय वर्ष में सर्वे का काम शुरू हो जायेगा।

### कर्नाटक डिप्टी सीएम ने मुस्लिम आरक्षण पर कहा कि संविधान बदल देंगे

# शिव कुमार के बयान पर संसद में हंगामा

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उठाया मुद्दा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के दूसरे फेज के नौवें दिन कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के एक बयान पर राज्यसभा में हंगामा हुआ। इसके चलते सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। दरअसल, डिप्टी सीएम शिवकुमार ने 23 मार्च को कर्नाटक के एक कार्यक्रम में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कहा था कि संविधान बदल देंगे।

सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है। जवाब में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बाबासाहेब के संविधान को कोई नहीं बदल सकता। आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता। इसकी रक्षा के लिए हमने भारत जोड़ो यात्रा की। आप भारत तोड़ रहे हैं।

वहीं, मामला बढ़ने पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सोशल मीडिया पर कहा कि मैंने संविधान बदलने की बात नहीं कही। बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। ये लोग (भाजपा) गलत बातें फैला रहे हैं। उधर, कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा संसद को स्थगित करने के लिए पूरी तरह से फर्जी मुद्दा लेकर आयी है। ऐसा इसलिए, क्योंकि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आचरण जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा न हो। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सरकार ने मन बना लिया है। वह नहीं चाहती कि सदन चले और हंगामा करने के लिए कोई न कोई बहाना ढूंढ़ लेती है।

# सांसदों का वेतन 24 फीसदी बढ़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने सांसदों के वेतन में 24 फीसदी का इजाफा कर दिया है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक मौजूदा सांसदों को अब 1.24 लाख रुपये प्रति माह मिलेगा। पहले उन्हें एक लाख रुपये प्रति माह मिलते थे। यह बढ़ोतरी लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर की गयी है। बढ़ी हुई सैलरी एक अप्रैल 2023 से लागू होगी। इससे पहले मोदी सरकार ने 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा का नियम बनाया था। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 81,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100,000 रु./प्रति किलो |



# सीएम हेमंत सोरेन के दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुए रोजेदार

- मुख्यमंत्री ने राज्य की उन्नति, प्रेम-भाईचारा, खुशहाली, बरकत और रहमत की दुआ की
- मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान की दी दिली मुबारकबाद
- दावत-ए-इफ्तार में सभी धर्मों के लोग हुए शामिल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से माह-ए-रमजान के मुबारक मौके पर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में दावत -ए- इफ्तार का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान की दिली मुबारकबाद दी। मौके पर सभी धर्म के लोगों ने एक साथ रोजा इफ्तारी की।

दावत -ए- इफ्तार में मुख्यमंत्री के साथ सभी ने राज्य की उन्नति, सुख- समृद्धि, विकास और अमन- चैन के साथ- साथ प्रेम-भाईचारा, खुशहाली, बरकत और रहमत की दुआ की।

दावत- ए -इफ्तार में मंत्री दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन अंसारी, दीपिका पांडेय, सुदिव्य कुमार के अलावा कई विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और वरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए।

## प्रदीप यादव ने कादर और लैया जाति को एससी का दर्जा देने की मांग की



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के 17वें दिन प्रदीप यादव ने कादर और लैया जाति को एससी का दर्जा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी इस जाति से एक भी ग्रेजुएट नहीं है, और न ही किसी को चौथे दर्जे की नौकरी मिली है। सुरेश पासवान ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने से इन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि ये जातियां पिछड़ी जाति में आती हैं और राज्य सरकार भारत सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। टीआरआइ की रिपोर्ट को भारत सरकार को भेजा जायेगा।

### जेएमएम महासचिव ने मणिपुर और परिसीमन पर उठाये सवाल

# विस्तार की रणनीति पर काम कर रहा आरएसएस : सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष और मणिपुर के हालात पर प्रेस वार्ता में कई अहम मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि 2025 में आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाया जायेगा, जिसे पहले आनंदमई वर्ष के रूप में घोषित किया गया था, लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है कि इस वर्ष का जश्न नहीं, बल्कि आरएसएस का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में तीन दिनों तक चली विचार-विमर्श बैठक में यह बात सामने आयी कि यह वर्ष आरएसएस के विस्तार का होगा, न कि किसी उत्सव का। सुप्रियो भट्टाचार्य ने मणिपुर की स्थिति पर भी सवाल उठाये और कहा कि आरएसएस और बीजेपी दोनों का मानना है कि मणिपुर में 20 महीने से हिंसा जारी है और इसे सुधारने में कई साल लगेंगे। जब सरकार से इस बारे में सवाल किया गया, तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। भट्टाचार्य ने कहा कि इस्कॉन और चिन्मय मिशन जैसे संगठन मणिपुर में काम कर रहे हैं, लेकिन आरएसएस और बीजेपी के कोई ठोस कदम नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी मणिपुर के जनजातीय समुदाय के साथ भेदभाव कर रही है और उनके अधिकारों की अनदेखी कर रही है। इसके अलावा, भट्टाचार्य ने परिसीमन के मुद्दे पर भी आरएसएस और बीजेपी की नीतियों को लेकर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने परिसीमन को लेकर चेतावनी दी थी कि यह राज्यों के बीच खाई पैदा करेगा, खासकर दक्षिण भारतीय राज्यों में। उनका कहना था कि परिसीमन दलित, आदिवासी और मूलवासी समुदायों के खिलाफ होगा, जिससे उनकी आवाज दब जायेगी। भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि आरएसएस ने 2011 की जनगणना के आधार पर 2025 में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने का विरोध किया था, क्योंकि इससे राष्ट्रीय संतुलन बिगड़ेगा और बहुसंख्यक समुदायों का प्रभुत्व बढ़ेगा। भट्टाचार्य ने यह भी सवाल उठाया कि अगर आरएसएस इन मुद्दों को समझती है, तो बीजेपी क्यों नहीं समझ रही है। उन्होंने यह सुझाव दिया कि नेता प्रतिपक्ष, जो खुद आदिवासी समुदाय से हैं और आरएसएस से जुड़े रहे हैं, को इन मुद्दों को सदन में उठाना चाहिए। इस प्रेस वार्ता में सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक बार फिर से मणिपुर और परिसीमन को लेकर अपनी पार्टी की कड़ी आलोचना की और बीजेपी और आरएसएस से इन मुद्दों पर जवाब तलब किया।

# एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

### अमन साव गिरोह ने दहशत फैलाने के लिए घटना को दिया था अंजाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस हत्याकांड को अमन साव गिरोह ने दहशत फैलाने के लिए अंजाम दिया था। डीजीएम को आठ मार्च को कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा चौक पर गोली मार दी गयी थी। हजारीबाग रेंज के डीआइजी संजीव कुमार ने सोमवार को मीडिया को बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मिंटू कुमार (लोहार मुहल्ला, बड़कागांव), राहुल मुंडा (नापोखुर्द, बड़कागांव), मनोज माली (केरेडारी, हजारीबाग) और अजय यादव के रूप में की गयी है। गोली मंटू कुमार ने चलायी थी, जबकि राहुल मुंडा बाइक चला रहा था। मनोज माली ने रेकी की थी और अजय यादव (इटखोरी, चतरा) ने हथियार मुहैया कराया था। इस मामले में कई अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

डीआइजी ने कहा कि अपराधियों ने कुमार गौरव को केवल इसलिए निशाना बनाया, क्योंकि वह बेहद आसान निशाना थे। पहले सात मार्च को ही घटना को अंजाम देने की योजना थी, लेकिन किसी कारण से उस दिन कुमार गौरव नहीं मिले। घटना के उद्भेदन में 11 अधिकारियों और तकनीकी सेल ने अहम भूमिक निभायी।

# पिछड़ा वर्ग का हक छीन कर मुस्लिम समाज को आरक्षण दे रही कांग्रेस : बाबूलाल मरांडी

- कांग्रेस की पिछड़ा विरोधी मानसिकता उजागर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास पिछड़ा विरोधी है। आज भी कांग्रेस पार्टी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। कभी पिछड़ा वर्ग आयोग को यही कांग्रेस पार्टी ने संवैधानिक मान्यता नहीं दी थी।

उन्होंने कहा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में इस कदर अंधी हो गयी है कि उसने ओबीसी समुदाय के आरक्षण में सेंध लगाकर सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय को चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर दिया है।

उन्होंने कहा कि जो राहुल गांधी संविधान की 'लाल किताब' लेकर पूरे देश में घूमते हैं और ओबीसी समुदाय के प्रति घड़ियाली आंसू बहाते हैं, उनके नेतृत्व में यह निर्णय न केवल अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है, बल्कि ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर एक खुला हमला भी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ओबीसी कोटे से चार प्रतिशत आरक्षण काटकर 'कैटेगरी-2 बी के तहत मुस्लिम ठेकेदारों को दे दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से पूछा कि क्या कांग्रेस का यही तथाकथित सामाजिक न्याय है, जिसमें बहुसंख्यक वंचित वर्गों के अधिकारों को छीनकर तुष्टिकरण की राजनीति की जाती है।

### फुसरो की महिलाओं को नहीं मिला मंईयां सम्मान योजना का पैसा

# लाभुकों ने अंचल कार्यालय को घेरा और धरना देकर सड़क जाम की

**संदीप कुमार सिंह**



**फुसरो, बेरमो (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के खाते में पैसा नहीं आने का मामला गरमा गया है। आक्रोशित महिलाओं ने सोमवार को इसके विरोध में अंचल कार्यालय का घेराव किया और सड़क जाम कर दी। बाद में सीओ द्वारा बातचीत किये जाने के आश्वासन के बाद महिलाओं का आंदोलन समाप्त हुआ।

फुसरो की कई महिलाओं के खाते में अब तक साढ़े सात हजार रुपये की रकम नहीं आयी है। इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। समस्या के निदान के लिए फुसरो नगर परिषद की ओर से कौशल विकास केंद्र में मंईयां सम्मान योजना को लेकर आ रही परेशानी के बारे में शिविर लगाया गया था। इस शिविर में सैकड़ों महिलाएं पहुंची थीं, लेकिन उन्हें योजना के लाभ से वंचित होने की सही जानकारी नहीं मिल पायी।

सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं अंचल कार्यालय पहुंचीं। उस समय सीओ संजीत कुमार सिन्हा दफ्तर में नहीं थे। महिलाएं उनके चैंबर के बाहर धरने पर बैठ गयीं। थोड़ी देर बाद महिलाएं अंचल कार्यालय के सामने सड़क जाम करने लगीं। इसके कारण फुसरो-जैनामोड़ मुख्य सड़क पर वाहनों की कतार लग गयी। सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल-बल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को समझा कर जाम हटवाया। उनके कहने पर महिलाएं प्रखंड कार्यालय गयीं।

सीओ नहीं मिले, तो महिलाएं बीडीओ मुकेश कुमार के ऑफिस पहुंचीं। बीडीओ भी वहां नहीं थे। इस पर हंगामा होने लगा। तब थाना प्रभारी ने टेलीफोन से सीओ से संपर्क किया। सीओ ने कहा कि वह बोकारो में हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह मंगलवार को महिलाओं से बातचीत कर समस्या का समाधान करेंगे। इसके महिलाएं शांत हुईं।

#### महिलाओं ने कहा: यह हमारा अपमान है

महिलाओं ने कहा कि पिछले छह महीने से यहां के अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। हम कई बार फॉर्म भर चुके हैं, पर एक भी किश्त नहीं आया है। हम छह महीने से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं, पर कोई अधिकारी हमसे नहीं मिलते। हमारा मजाक बनाया जा रहा है। यह महिलाओं का अपमान है।

#### नाम में सुधार करें: अंचल अधिकारी

अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड में 16 से 18 लाख महिलाओं के खाते में पैसा नहीं गया है। ऐसा क्यों हुआ, यह लोगों को बताया जा रहा है। लाभुकों को बैंक खाता और आधार कार्ड को एक्टिव कराने, बैंक खाते को आधार से लिंक करवाने और राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए लगातार कहा जा रहा है। यह काम होने पर लाभुक के खाते में एक सप्ताह में पैसा आ जायेगा।

#### बेरमो की 15130 लाभुक होल्ड पर

बेरमो प्रखंड के शहरी क्षेत्र में 4292 तथा ग्रामीण क्षेत्र मे 10838 लाभुकों को होल्ड पर रखा गया है। विभिन्न तकनीकी कारणों से इनके खाते में 75 सौ की राशि नहीं भेजी गयी है।

## चाइबासा में युवक की गोली मार कर हत्या

**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** चाइबासा के मुफस्सिल थाना अंतर्गत बड़बिल गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। युवक की पहचान 29 वर्षीय निर्मल बानरा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को रात में मागे पर्व मनाने के लिए निर्मल बानरा अपने दोस्तों के साथ बड़बिल गांव गया था। आधी रात में जब सब नाच गाना कर रहे थे तो वह सोने के लिए चला गया। वहां अपने एक दोस्त के घर में सो रहा था। किसी अज्ञात अपराधी ने आकर उसे गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गयी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### आजसू के संथाल प्रमंडलीय सम्मेलन में जुटे कार्यकर्ता

# विकास के मोर्चे पर झारखंड सरकार विफल : सुदेश महतो

- आजसू के संघर्ष की बदौलत मिला है झारखंड राज्य : आजसू सुप्रीमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि राज्य की वर्तमान सरकार के पास युवाओं के भविष्य के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो की सरकार विकास की राजनीति नहीं, बल्कि समाज को विभाजित कर वोट बैंक की राजनीति करने में व्यस्त है। हेमंत सरकार विकास के मोर्चे पर विगत 5 वर्षों में विफल साबित हुई है। श्री महतो ने कहा कि झारखंड राज्य आजसू के संघर्ष का परिणाम है। झामुमो-कांग्रेस ने तो झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी की।

गोड्डा में आयोजित आजसू पार्टी के प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में संथाल परगना के 6 सभी जिलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन की शुरूआत आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। सम्मेलन को पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, पूर्व आइएएस ब्रजमोहन राम, संजय मेहता, संजीव महतो, खालिद जलील, सुजीत मुर्मू, राजा साहनी, चतुरानंद पांडेय, आदि नेताओं ने संबोधित किया।

डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों के विकास को रोकना चाहती है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक न हो सकें। उन्होंने सवाल उठाया, नौकरियां कब आएंगी? स्कूलों में शिक्षक कब नियुक्त होंगे? गरीबों को आवास कब मिलेगा? डॉ देवशरण भगत ने कहा कि झामुमो सरकार की प्राथमिकता केवल जातीय और सामाजिक विभाजन पैदा करना है, ताकि सत्ता में बने रहने के लिए वोटों का ध्रुवीकरण किया जा सके। प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि आजसू नहीं होता तो झारखंड राज्य नहीं मिल पाता।





**वेदर**


| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.2 °c | 15.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.01 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.49 बजे |

### नगर निकाय चुनाव को लेकर सरयू राय के सवाल पर सदन में सरकार का जवाब

# तय समय पर निकाय चुनाव नहीं करा सकी तो राज्य सरकार जायेगी कोर्ट : सुदिव्य सोनू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी कर ओबीसी आरक्षण के साथ ही 48 नगर निकायों में चुनाव कराया जायेगा। विधानसभा में 24 मार्च को सरयू राय के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने यह बात कही है। सरकार के इस रुख से निकाय चुनाव में और विलंब होना तय है। मंत्री का कहना है कि रांची, कोडरमा और देवघर को छोड़कर शेष 21 जिलों में ट्रिपल टेस्ट के तहत डोर-टू-डोर सर्वे का काम पूरा हो चुका है। प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा के लिए आयोग की टीम क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है।





## ओबीसी आरक्षण के साथ ही होगा निकाय चुनाव

जदयू विधायक सरयू राय ने पूछा कि 16 जनवरी 2025 को अवमानना वाद पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से नगर निकाय चुनाव कराने के लिए चार माह का समय मांगा गया था। यह अवधि बहुत जल्द समाप्त होने वाली है। ऊपर से पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष का पद भी रिक्त है। क्या निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण तय किये बिना भी सरकार समय-सीमा के भीतर चुनाव कराना चाहती है।

इसके जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने स्पष्ट कर दिया कि ओबीसी आरक्षण के साथ ही सरकार निकाय चुनाव कराने के लिए संकल्पित है। वहीं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए 13 जनवरी 2025 को कल्याण विभाग से अनुरोध किया जा चुका है। इसी दौरान भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने सूचना के तहत पूछा कि क्या 16 मई 2025 से पहले ओबीसी को आरक्षण देते हुए सरकार निकाय चुनाव करायेगा या नहीं। क्योंकि यह अवमाननावाद का मामला है।

## कोर्ट से कुछ और समय की मांग की जायेगी : मंत्री

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि परिस्थितिवश इस राज्य ने बिना ओबीसी आरक्षण के मुखिया का चुनाव देखा है। सभी जानते हैं कि चुनाव नहीं होने पर केंद्र सरकार ग्रांट रोकती है। पंचायत चुनाव के समय ऐसा ही हुआ था। अब नगर निकाय चुनाव नहीं होने पर सरकार ने वित्त आयोग का पैसा रोक रखा है। लिहाजा, 16 मई को होने वाली अगली सुनवाई से पहले तक तीन जिलों की ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट आ जाती है तो आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए निश्चित समयावधि में निकाय चुनाव कराया जायेगा। अगर ऐसा नहीं हो पाया तो कोर्ट से ओबीसी प्रतिनिधित्व का हवाला देते हुए कुछ और समय की मांग की जायेगी। इससे साफ है कि नगर निकाय चुनाव में विलंब होने की पूरी संभावना है।

### जयराम को संसदीय कार्य मंत्री ने दी नसीहत

# सदन का आचरण सीखने की आवश्यकता है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन सोमवार को प्रभारी संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य सोनू ने विधायक जयराम महतो को सीखने की नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा कि सदन का आचरण सीखने की आवश्यकता है। आसन को संबोधित कर बोल सकते हैं, सदस्य को नहीं। इससे पहले जयराम महतो ने नगर विकास, पर्यटन, मंत्रिमंडल विभाग के बजट पर चर्चा करने से पहले गीतों के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे। इस पर स्पीकर ने जयराम महतो को टोका। जयराम महतो ने कहा कि लोग शायरी बोलकर निकल जाते हैं। अकेला और नया देखकर डिस्टर्ब न करें। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकता है। खेल में फोकस करने से युवा खेल में अपना करियर संवार सकते हैं। झारखंड के शिल्पी और कलाकारों को बंगाल की तर्ज पर प्रोत्साहन राशि मिलनी चाहिए। विकास मुंडा ने कहा कि राज्य में ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर की स्थापना ऐतिहासिक कदम है। देवड़ी मंदिर से उलिहातू, डोंबारीबुरू से कलकद कॉरिडोर का निर्माण बेहतर कदम होगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# विधानसभा से एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पास







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन सोमवार को एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट पास हो गया। बताते चलें कि तीन मार्च को वित्त मंत्री मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया था। बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सोमवार को प्रभारी वित्त मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि बजट में 2025-26 में राजस्व व्यय के लिए 1,10,636 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। सामान्य प्रक्षेत्र के लिए 37,884.36 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सामाजिक प्रक्षेत्र के लिए 62,840.45 करोड़ और आर्थिक प्रक्षेत्र के लिए 44,675.19 करोड़ का प्रावधान है। मंईयां सम्मान योजना के लिए 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि राजधानी राज्य का दर्पण होता है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि 25 साल के शासन में 17 साल तक रांची पेरिस होता था। आज हेमंत सरकार आयी, तो रांची हो गया। ये कटौती प्रस्ताव रांची और हटिया तक ही सीमित रह गया। आइना में अपनी ही शक्ल देख ली। इसके बाद उन्होंने पूछा, खेल गांव बढ़िया बना था, मैनहर्ट कौन था। क्या मामला बना था। मैनहर्ट ने रांची को क्या हर्ट किया। झारखंड की जनता को भरमाया।

सुदिव्य सोनू ने कहा कि नयी बिजली दर को लेकर बिजली वितरण निगम ने प्रस्ताव दिया है। पावर एक्सचेंज के तहत पीक आवर में महंगी बिजली खरीदनी पड़ती है। गोड्डा पावर प्लांट से 25 फीसदी हिस्सा बनता था। महंगी बिजली खरीदने के लिए दर बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव दिया जाता है। इसके बाद झारखंड विद्युत नियामक आयोग इसकी समीक्षा करता है। दो सौ यूनिट बिजली फ्री की गयी है। भाजपा के शासन काल में 44 हजार स्ट्रीट लाइट लगायी गयी थी। जब फिजिकल वेरिफिकेशन हुआ, तो 18 हजार लाइट का पता ही नहीं चला। पूर्व की सरकार ने गोवंश हत्या पर प्रतिबंध लगाकर सराहनीय कार्य किया। इसे पूरे देश में किया जाना चाहिए। इसके बाद सभी विभागों की विनियोग मांग ध्वनि मत से पारित हो गयी।

## किस विभाग या प्रभाग के लिए बजट में कितनी राशि

| विभाग या प्रभाग | राशि (लाख में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कृषि | 242108.16 | पेंशन | 1017311.58 | अल्पसंख्यक कल्याण | 37691.60 | पर्यटन | 15555.07 |
| पशुपालन | 62023.32 | अंकेक्षण | 787.63 | संसदीय कार्य | 179.02 | परिवहन | 31143.30 |
| भवन निर्माण | 86157.31 | वाणिज्य कर | 17405.04 | विधानसभा | 18144.30 | नगर विकास | 347599.34 |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 8237.42 | खाद्य आपूर्ति | 286349.22 | कार्मिक | 4439.17 | जलसंसाधन | 191171.06 |
| निर्वाचन | 13159.58 | वन पर्यावरण | 138199.30 | जेपीएससी | 4672.83 | लघु सिंचाई | 34574.49 |
| राज्यपाल सचिवालय | 1962.07 | स्वास्थ्य | 747050.86 | योजना विकास | 41435.23 | एससी-एसटी वर्ग विभाग | 300754.37 |
| निगरानी प्रभाग | 5197.00 | उच्च शिक्षा | 192222.28 | राजभाषा प्रभाग | 222147.47 | कला संस्कृति | 18109.38 |
| नागर विमानन | 11519.37 | गृह विभाग | 807545.48 | निबंधन | 2304.95 | मत्स्य | 19808.08 |
| सहकारिता | 93679.07 | उद्योग | 48631.61 | आपदा प्रबंधन | 184149.14 | डेयरी | 41147.61 |
| ऊर्जा | 989435.53 | सूचना जनसंपर्क विभाग | 34704.72 | राजस्व भूमि | 75897.31 | ग्रामीण कार्य | 457630.73 |
| उत्पाद | 5583.61 | सांस्थिक वित्त | 2118.12 | पथ निर्माण | 580089.28 | पंचायती राज | 214478.14 |
| वित्त | 34228.30 | श्रम | 108574.46 | ग्रामीण विकास | 984141.61 | आवास प्रभाग | 10169.57 |
| व्याज | 635466.32 | विधि | 84750.27 | तकनीकी शिक्षा | 48698.88 | माध्यमिक शिक्षा | 484506.97 |
| कर्ज का भुगतान | 938468.51 | हाइकोर्ट | 20984.61 | साक्षरता प्रभाग | 683.89 | प्राथमिक शिक्षा | 1034664.44 |
| | | खान | 7288.73 | सूचना प्रौद्योगिकी | 30398.72 | महिला बाल विकास | 2202333.85 |

## सीआइडी का नाम बदलकर एलआइडी कर दिया जाये: नवीन

**रांची।** नवीन जायसवाल ने कहा कि सीआइडी का नाम बदल कर एलआइडी कर दिया जाये, यानी लैंड इनवेस्टिगेशन डिपार्टमेंट। इसी काम में सीआइडी लगी हुई है। सरकार ने विकास को प्राथमिकता नहीं दी है। दो साल से नगर निकाय चुनाव नहीं हुआ है। ट्रिपल टेस्ट के नाम पर समिति बनी। इसके अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद थे। यूपी सरकार ने तीन माह के अंदर ट्रिपल टेस्ट कराते हुए ओबीसी को आरक्षण देते हुए चुनाव करा दिया। अभी भी तीन जिला में सर्वे का काम बाकी है। मुखिया के चुनाव में ओबीसी का हक खा गये।

## हर बॉल को दिल्ली की पिच पर खेलना चाहते हैं

नवीन ने कहा कि पांच साल से आपकी सरकार है। हर बॉल को झारखंड की पिच पर नहीं, बल्कि दिल्ली की पिच पर खेलना चाहते हैं। यहां के आदिवासी-मूलवासी को मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखा रहे हैं। पेयजल पर कहा कि बोरिंग सूख जाता है। जलमीनार बनकर तैयार है। पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन नहीं बिछी। अफसर जलेबी की तरह गोल-गोल घुमा रहे हैं।

### रागिनी सिंह ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी का मामला उठाया

# ढाई लाख का जुर्माना लगा सकती है शुल्क कमेटी : शिक्षा मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में प्राइवेट स्कूल की मनमानी और री-एडमिशन के नाम पर फीस में बढ़ोतरी का मामला उठा। सोमवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा की झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल में री-एडमिशन के नाम पर हर साल 10 से 20 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी जाती है। इतना ही नहीं किताबों में भी कमीशन वसूलने का काम होता है। स्कूल की ओर से किसी खास दुकान से ही किताब और ड्रेस खरीदने के लिए कहा जाता है। रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल गरीब का खून चूसने का काम कर रहे हैं।





इस सवाल का सदन में जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि प्राइवेट स्कूल की मनमानी रोकने के लिए शुल्क समिति का गठन स्कूल में किया जाता है। जिसमें परिजन के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकों को भी कमेटी में रखा जाता है। इसके अलावा जिला में भी कमेटी बनायी जाती है। जिला कमेटी में उपायुक्त, सांसद और विधायक रहते हैं। मंत्री ने कहा कि कमेटी चाहे तो स्कूल प्रबंधन पर ढाई लाख तक का जुर्माना लगा सकती है।

## डोरंडा थाना की पुलिस मांगती है पैसा : सीपी सिंह

झारखंड विधानसभा में सोमवार को सूचना के माध्यम से रांची से भाजपा के विधायक सीपी सिंह ने डोरंडा पुलिस से जुड़ा एक मामला उठाया। सीपी सिंह ने सदन में बताया कि रांची विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों को डोरंडा थाना की पुलिस तीन दिन तक थाने में रखी। उसके बाद थाना प्रभारी एक दारोगा के माध्यम से पैसे की मांग की। सीपी सिंह ने बताया कि दोनों लड़के का दोष सिर्फ. इतना था कि नदी के उस पार उनका घर बन रहा है। निमार्णाधीन घर में दोनों हर दिन पानी पटाने जाते थे। इस दौरान बगल के घर में चोरी हुई तो शक के आधार पर दोनों युवकों को पकड़कर 72 घंटे तक थाना में रखा गया। सीपी सिंह ने कहा कि मैं भी लॉ का स्नातक हूं। मुझे पता है कि पुलिस पूछताछ के लिए किसी को भी थाना बुला सकती है। लेकिन 72 घंटे तक थाना में नहीं बैठा सकती है।

# जल्द होगी 4919 पदों पर पुलिस की भर्ती : योगेंद्र

### शत्रुघ्न महतो ने तारांकित प्रश्न के जरिये सदन में पुलिस बल की कमी का मुद्दा उठाया

**नामधारी प्रसाद**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र के 17 वें दिन सोमवार को सदन में राज्य में पुलिस बल की कमी और आठ घंटे से अधिक ड्यूटी लेने का मामला उठा। बाघमारा से भाजपा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने तारांकित प्रश्न के जरिये सदन के माध्यम से सरकार को बताया कि राज्य में पुलिस बल की काफी कमी है। इसके कारण अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। साथ ही पुलिसकर्मियों से 24 घंटे काम लिया जा रहा है। शत्रुघ्न महतो ने जल्द से जल्द पुलिस की भर्ती और नियम के हिसाब से सेवा लेने की मांग की। सदन की कार्यवाही 11.6 बजे हुई। सदन में जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के हिसाब से पुलिस बल की संख्या कम नहीं बल्कि ज्यादा है। साथ ही 4919 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जल्द ही नियुक्ति करके पुलिस कर्मियों की और कमी जो महसूस हो रही है उसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा। इस पर भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से प्रक्रिया चल रही लेकिन सवाल है कि आखिर ये कब पूरा होगा। इस पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों उत्पाद (एक्साइज) सिपाही की नियुक्ति में दुःखद घटना घटी, जिसमें कई युवाओं की जान चली गयी। पिछले दिनों कैबिनेट से नियमों को बदला गया। अब प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। आठ घंटे से अधिक काम विधि व्यवस्था उत्पन्न होने पर लिया जाता है। ऐसे आठ घंटे ही काम लिया जाता है।



### कानून व्यवस्था पर सदन में बीजेपी विधायक जमकर बरसे

# झारखंड में पश्चिम बंगाल जैसे हालात : सत्येंद्र नाथ तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सत्ता पक्ष के खिलाफ विपक्ष मुखर होता दिख रहा है। पलामू में वन विभाग की टीम पर किये गये हमले की गूंज सदन के अंदर और बाहर सोमवार को होती रही। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने सरकार की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पुलिस और माफिया की सांठगांठ चल रही है। जिन पर आम आदमी का रक्षा की जिम्मेदारी है, वही भक्षक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पलामू में खनन माफिया के द्वारा 10 वनकर्मी को पटक-पटक कर मारा गया है। जब वनकर्मी को खनन माफिया पीट रहे थे, तब कानून व्यवस्था कहां रह गयी थी। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में अराजक की स्थिति बन गयी है कि पश्चिम बंगाल जैसी स्थिति झारखंड की बन रही है।





## राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: नीरा यादव

कोडरमा विधायक मीरा यादव ने राज्य में विधि व्यवस्था पर सरकार से सवाल पूछा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन से हम लोग लगातार इस पर आवाज उठाते रहे हैं, बावजूद इसके सरकार सुन नहीं रही है। आम आदमी की बात तो छोड़िए अब तो पदाधिकारी भी सुरक्षित नहीं है। कभी एसडीएम के ऊपर में हमला हो जाता है तो कभी वनरक्षी के ऊपर में हमला हो जाता है। उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर राज्य में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। इस सरकार को राज्य की जनता से मतलब नहीं है। इनको अपनी कुर्सी से मतलब है। बीजेपी विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि जिस तरह से गिरिडीह की घटना पिछले दिनों हुई थी, उसके बाद चतरा में एक थाना प्रभारी को हटाया गया और फिर उसे 2 दिन के बाद दूसरे थाना का इंचार्ज बनाये गये, इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार की मंशा क्या है? उन्होंने कहा कि पुलिस पर सरकार का नियंत्रण ही नहीं है।

## मंईयां सम्मान योजना में तकनीकी अड़चनें कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं महिलाएं



लावालौंग/चतरा (आजाद सिपाही)। मैया सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए सोमवार सुबह से शाम 4 बजे तक काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ लावालौंग प्रखंड कार्यालय में रही। योजना की राशि नहीं मिलने पर महिलाएं कभी प्रखंड कार्यालय, बैंक, सीएसपी, आधार कार्ड सेंटर का चक्कर लगा रही है। सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रखंड कार्यालय में त्रुटियों की जांच के लिए 100- 200 महिलाएं की भीड़ उमड़ी देखी गयी। कार्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर सिर्फ एक संदीप कुमार नियुक्त किया गया है। एक कर्मी महिलाओं को मईयां सम्मान योजना की विस्तृत जानकारी दे रहे है जबकि पूरे प्रखंड में 8 पंचायत है। जिसमें सैकड़ों महिलाएं प्रतिदिन कार्यालय का चक्कर लगा रही है। महिलाओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रखंड को आबादी को देखते हुए एक और कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किया जाये। ज्ञात हो कि कार्यालय में कटिया, पोटम, सिलदाग, कोटरी, टीकदा सहित विभिन्न पंचायतों की सैकड़ों महिलाएं पहुंची हुई थी। जांच के क्रम में पता चला कि कई महिलाओं का बैंक एकाउंट में डीबीटी प्रॉब्लम है। जिसके बाद महिलाएं बैंक, आधार सेंटर और सीएसपी का चक्कर काट रही है वहीं कुछ महिलाओं का आधार और पासबुक सही रहने के बावजूद भी राशि नहीं मिला पा रहा है। अब देखना होगा कि जनप्रतिनिधि और वरीय पदाधिकारी इसपर संज्ञान लेते हैं या फिर महिलाएं दर दर भटकते रहते हैं।

## ठेका श्रमिकों के हित में सदैव हूं खड़ा: नरेश साहू



कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक प्रतिनिधि (नगर परिषद क्षेत्र औद्योगिक विभाग) नरेश प्रसाद साहू का सोमवार को एसआरयू बीआरएल रांचीरोड में ठेका श्रमिकों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, मजदूरों ने मजदूर हित में कार्य करने की अपील की। जिसपर नरेश साहू ने आश्वस्त करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर मजदूर हित कार्यों पर खरा उतरने का प्रयासरत रहूंगा। वहीं, क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। स्वागत पश्चात नरेश प्रसाद साहू ने एसआरयू फैक्ट्री से सटे बरवाटोला में तकनीकी समस्या की वजह से आए जलसंकट को लेकर प्रबंधन से वार्ता की। जिस पर प्रबंधन ने जलसंकट मामले पर जल्द ही समाधान करने की बात कही। इस अवसर पर इंदरलाल यादव, अविनाश, अशोक प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, विनोद यादव, राजेश प्रसाद, ओमप्रकाश, पप्पू राम, ध्रुव कुमार, संजय, अंजू कुमारी, अनिता देवी,पूनम देवी, सरिता देवी, प्रमिला देवी, बासो देवी, अश्रेन खलखो, राहुल यादव, शनि राम, किशोरी प्रसाद, अंकुश कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।

## डीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। डीसी चंदन कुमार ने सोमवार को जिला समाहरणालय के सभागार में रामगढ़ जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास और डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर कई निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीसी ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किये जा रहे हैं योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया जिला अनाबद्ध निधि और डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने अब तक हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने उपस्थित सभी सहायक अभियंता को योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी चंदन कुमार ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्व यक्ष्मा दिवस पर सेमिनार का आयोजन



चतरा (आजाद सिपाही)। सिविल सर्जन कार्यालय स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र में जिला स्तरीय विश्व यक्ष्मा दिवस के मौके पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों को बुके दे कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता, चतरा अरविन्द कुमार ,विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन, चतरा डॉ दिनेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा टीबी रोग मुक्त पंचायतों डाडी और कोबना पंचायत के मुखिया और निश्चय मित्र (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) मोसीन रजा आम्रपाली, टंडवा को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया गया। यक्ष्मा मरीजों को समय पर दवा का सेवन करने और सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए चलाई जा रही कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान टीबी जागरूकता के संदर्भ में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग से विक्रांत कुमार (डीपीसी), र दोवीन्द्र कुमार, नवीन मिश्रा, अनु कुमार, अलोक कुमार समरेश कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार पांडेय, अनिल कुमार, सुरेश मंडल, सुधांशु कुमार, प्रणेश कुमार, लक्ष्मण कुमार, संजय यादव, सरफराज, राजेश कुमार और समस्त अधिकारी और यक्ष्मा कर्मी और सीनी सरस्या से ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास की जियो टैगिंग के नाम पर वसूली का ग्रामीणों ने किया विरोध

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का जियो टैग किये जाने के दौरान अवैध तरीके से पैसा लेने के विरोध में दर्जनों ग्रामीण हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार सोमवार को कटैया पंचायत के दर्जनों ग्रामीण रोजगार सेवक राजकुमार रजक के विरुद्ध बीडीओ को आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि आवास विहीन लोगों का सर्वे नहीं किया जा रहा है। सुखी संपन्न लोगों से पैसा लेकर इंट्री कर दिया जा रहा है। योग्य लोगों के नाम सूची में जोडा.नहीं जा रहा है। इस संबंध में कटैया पंचायत की सुमित्रा देवी, संतोष गुप्ता, पूजा कुमारी, बेवी देवी, ललिता देवी, रीता देवी, सविता देवी, उर्मिला देवी, लौंगी देवी, लालती देवी सहित अन्य लोगों ने बीडीओ को आवेदन देकर जांच करने की मांग की है। दिये गये आवेदन में महिलाओं ने आरोप लगायी है कि प्रति लाभुक से 500 से 1000 की वसूली किया जा रहा है। पैसा नहीं देने पर नाम काट देने और नेट नहीं चलने का हवाला देते हुए बिना सर्वे किये चले जा रहे हैं। यह मामला पूरे पंचायत का है। आवेदन की प्रतिलिपि उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को भी दिया गया है। इधर रोजगार सेवक ने महिलाओं द्वारा लगाये गये आरोपको बेबुनियाद बताया है।

### श्री रामनवमी महासमिति और विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारियों की थाने में हुई बैठक

# रामनवमी जुलूस में ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

**जुलूस के रास्ते पर पड़े पत्थर तत्काल हटायें, नहीं तो होगी कार्रवाई: कृष्ण कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो इसके लिए पुलिस अभी से ही अलर्ट हो गयी है। रामगढ़ थाना परिसर में सोमवार को रामनवमी महासमिति और सभी अखाड़ों के पदाधिकारी के साथ रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बैठक की। इस दौरान उन्होंने जुलूस को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि जब तक रास्ते पर ही जुलूस निकाला जायेगा। सभी जगह पर दंडाधिकारी और पुलिस फोर्स मौजूद रहेंगे। इसके बावजूद ड्रोन कैमरे से जुलूस की निगरानी होगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जायेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि नई सराय बस्ती, सौदागर मोहल्ला, गोलपार, पुर्नी मंडप में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सिरका, हेसला, अरगड्डा सहित अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे



**32 अखाड़ों ने बैठक में लिया भाग**

रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए रामगढ़ थाना क्षेत्र के 32 अखाड़ों ने भी तैयारी शुरू कर दी है। सभी अखाड़ों के पदाधिकारी ने बैठक में हिस्सा लिया और अपने कार्यक्रम के बारे में बताया। रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रामगढ़ में 1 अप्रैल को मंगला जुलूस भव्य तरीके से निकाला जायेगा। इसके अलावा रामनवमी का जुलूस 5 और 6 अप्रैल को निकलेगा। दोनों दिनों तक अलग-अलग अखाड़े के लोग सड़क पर उतरेंगे। इस दौरान कमेटी तो अलर्ट रहेगी ही, पुलिस फोर्स की भी व्यवस्था रहे तो बेहतर होगा। 7 अप्रैल को चैती दुर्गा पूजा संपन्न होगा और मूर्ति का विसर्जन होगा। इस जुलूस में भी लोग सड़क पर उतरेंगे।

**सड़क पर से हटेंगे पत्थर, होगी सफाई :** महासमिति के द्वारा यह बताया गया कि सौदागर मोहल्ला में जर्जर विद्युत तार काफी नीचे से गुजरे हैं। जुलूस के दौरान दुर्घटना होने की संभावना है। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि जर्जर तारों को हटाया जायेगा। जुलूस के रास्ते पर पड़े पत्थरों को हटवाने का निर्देश दिया गया है। सौदागर मोहल्ला में रास्ते पर लगी गाड़ियों को हटवाने के लिए भी आदेश जारी हुआ है। कलश स्थापना से रामनवमी तक खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने की बात भी कही गयी।

**बैठक में ये थे शामिल**

रामगढ़ थाने में हुई बैठक के दौरान महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा, सुरेंद्र महतो, राजू कैथ, प्रवीण कुमार सोनू, किशोर जाजू, आकाश यादव, तेजपाल महतो, मनीष मिश्रा, प्रभात अग्रवाल, सौरभ कुमार, संतराज पासवान, विजय पाठक, चंदन यादव, आनंद बेरलिया, अलख बिहारी सिंह, महावीर बेदिया, अर्जुन पासवान आदि शामिल थे।

### ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के पांच छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

## इंस्पायर अवार्ड्स-मानक 2024-25 के लिए हुए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता



भुरकुंडा। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंस्पायर अवार्ड्स-मानक 2024-25 में शानदार सफलता प्राप्त की है। बताया गया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) भारत सरकार और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (एनआइएफ) द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्कूल के पांच छात्रों ने अपनी नवीन परियोजनाओं के लिए 10 हजार रुपये की छात्रवृत्ति अर्जित की है। यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 10वीं के छात्र प्रांजल सिंह, पिता विकाश कुमार सिंह, जान्हवी प्रिया, पिता नागेंद्र कुमार सिंह, आयुष कुमार शर्मा, पिता उपेन्द्र ठाकुर और स्वरित प्रसाद, पिता प्रवीण प्रसाद और कक्षा 9वीं के आदर्श भारद्वाज, पिता अनिल कुमार रॉय शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों को उनकी मौलिक वैज्ञानिक अवधारणाओं और परियोजनाओं के लिए 10,000 रुपए की अनुदान राशि दी जायेगी। साथ ही वे अपने नवाचारों को विकसित करने और जिला स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता (डीएलईपीसी) में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे। इंस्पायर अवार्ड्स-मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशंस एंड नॉलेज) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (एनआइएफ) द्वारा संचालित एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय से पांच सर्वश्रेष्ठ विचारों/परियोजनाओं का चयन किया जाता है और उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को साबित किया है। यह उपलब्धि उनके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि ये छात्र आगे भी अपनी उत्कृष्टता बनाए रखेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के प्लांट प्रमुख सत्येन्द्र सिंह ने प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और विद्यालय के मेधावी छात्रों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते बधाई दी। साथ ही भविष्य में विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने की शुभकामनाएं दीं।

# अंकित हत्याकांड में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**पुलिस की छापेमारी अभियान जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। दो दिन पूर्व मेन रोड में शहर के दीवा मोहल्ला निवासी अंकित गुप्ता हत्याकांड में पुलिस ने 10 नामजद अभियुक्तों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे पांच अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि पुलिस अभी अपराधियों की गिरफ्तारी की बात से इंकार कर रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने हत्याकांड में शामिल मुख्य अभियुक्त शहर के नइकी तालाब निवासी सुरेश साव उर्फ कोल्हा के तीनों पुत्र सुशांत कुमार, सुमीत कुमार और सौरभ कुमार के अलावा अमित कुमार और सदर थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव निवासी विष्णु कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि पांच अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे हैं। ज्ञात हो कि मृतक की मां टुनी देवी ने सदर थाना में 10 नामजद आरोपियों के विरुद्ध हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। जिसमें नइकी तालाब निवासी स्वर्गीय मनोज साव के पुत्र मिलेश साव और मिलन कुमार, सुरेश साव उर्फ कोल्हा के पुत्र सुशांत कुमार, सौरभ कुमार और सुमीत कुमार, शंभु विश्वकर्मा के पुत्र ऋतिक कुमार, विजय विश्वकर्मा के पुत्र असित उर्फ ओमी, भागीरथ साव के पुत्र अमित कुमार उर्फ मुवा, विजय विश्वकर्मा का पुत्र अमन कुमार और डाढ़ा गांव निवासी राजकुमार साव का पुत्र विष्णु कुमार का नाम शामिल है। मृतक की मां ने कहा है कि उपरोक्त आरोपियों ने उसके बेटे को लाठी डंडे और भुजाली से पीट-पीटकर हत्या कर दिया है। थाना को आवेदन के माध्यम से यह भी बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व आरोपी मिलन कुमार ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ किया था। अंकित ने उसका विरोध किया था। लेकिन सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण वे लोग इस घटना को दबा दिया। इसी घटना के प्रतिशोध में उपरोक्त आरोपियों ने उसके बेटे की हत्या कर दी है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**करंट की चपेट में आने से महिला की मौत**

हंटरगंज/चतरा। थाना क्षेत्र के डाहा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बेला गांव में सोमवार को बिजली की करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। महिला बेला गांव निवासी कृष्णा यादव के 25 वर्षीय पत्नी मंजू देवी है। घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक घर की आंगन में बर्तन साफ कर रही थी, इसी बीच चापानल में लगे मोटर के बिजली के तार की संपर्क में आ गयी जिससे करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जिस वक्त महिला को बिजली ने अपनी चपेट में लिया था उस वक्त घर में कोई भी सदस्य नहीं था। जब महिला के सास और नन्द महुआ चुन कर आई तो देखी कि महिला मूर्छित पड़ी हुई थी। इसके बाद जब उन लोगों ने शोर मचाती तो हल्ला सुनकर ग्रामीण जुट गये और महिला को आनन-फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हंटरगंज थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। परिजनों के बीच चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन है।

### अवैध कारोबारियों के आगे नतमस्तक हैं अधिकारी, गश्ती में चल रहा गड़बड़ खेला

# वन विभाग ने छोड़ दिया रात में नयामोड़ में पकड़ा गया कोयला लदा हाइवा

**बोकारो के महुआटांड से कोयला लेकर प्लांट जा रहा था हाइवा**

बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। कोयला चोरी रोकने के लिए रामगढ़ डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध कोयला खनन स्थलों को चिह्नित कर बंद करने का आदेश दे रहे है। लेकिन उनके आदेशों के विपरीत कुछ अधिकारी अपने स्वार्थ के लिए कारोबारियों का मनोबल बढ़ा रहे है। जिसके कारण कोयला तस्कर बेलगाम हो गये है। अधिकारी रात का भी पूरा फायदा उठा रहे है। गश्ती के दौरान गड़बड़ी कर रहे है। अवैध कोयला लदे वाहनों को पकड़ने और छोड़ने का खेल शुरू कर दिया है। कुछ ऐसे भी मामले सामने आ रहे कि तस्करों के बड़ी झुंड के आगे अधिकारी बेवश नजर आ रहे हैं। कारोबारी कुछ अधिकारियों को सेट कर समय पर नजराना भेंट कर रहे है। जिसके कारण कारोबारी अपने मंसूबे में कामयाब हो जा रहे है।

**क्या कहते है रेंजर :** इधर विभाग के रेंजर बटेश्वर पासवान के मोबाइल संख्या 9471104804 पर आजाद सिपाही के रामगढ़ जिला प्रमुख ने उनसे संपर्क साधकर मामले से सबंधित जानकारी प्राप्त किया। पहले तो उन्होंने गाड़ी पकड़ने से इंकार कर दिया। फिर बातचीत में कहा कि जिस गाड़ी को रोका गया था उसमें कोयले का कागजात था। आप कन्हा है। आइये मिलिए। जिसके बाद फोन कट हो गया।

**क्या है मामला**

कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि करीब एक बजे नयामोड़ के निकट वन विभाग के रेंजर बटेश्वर पासवान बोलेरो पर सवार होकर गश्ती कर रहे थे। इसी दौरान बोकारो जिला के महुआटांड क्षेत्र के जहरलौंग से अवैध कोयला लेकर जा रही हाइवा 5073 को रोका। जिसके बाद कारोबार में शामिल कारोबारी ब्लैक स्कॉर्पियो एन से रेंजर के पास पहुंचे और गाड़ी छोड़ने की बात कही। तस्करों की संख्या ज्यादा होने के कारण गश्ती में शामिल अधिकारी ने ये बोलकर छोड़ दिया कि सुबह आकर मिलो। जिसके बाद तस्कर अपना गाड़ी लेकर गंतव्य की ओर रवाना हो गये। इधर सूत्रों ने बताया कि उक्त गाड़ी पर अवैध कोयला पप्पू नामक कोयला तस्कर ने लदवाया था। जिसे गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेवारी गोला के एक तस्कर अंसारी को मिला था। जो अपने दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाया और गाड़ी को तय स्थान खाली कराकर वापस भेज दिया।

## मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। कमांड क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र ने अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम महाप्रबंधक रजरप्पा क्षेत्र, कल्याणजी प्रसाद के मुख्य आतिथी में संपन्न हुआ इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी (पी एंड पी) पीके रामदास, सीएसआर अधिकारी आशीष झा, और श्रम संगठन के प्रतिनिधि प्रदीप पटवा, सुखसागर सिंह धनेश्वर राम और चरित्र राम उपस्थित रहे। महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा, सीसीएल का सदैव प्रयास रहा है कि क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान किये जायें। क्रियान्वयन संस्था 'युवा' के अधिकारी पंकज कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत शाल और सोहराय पेंटिंग भेंट कर किया और प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को मशरूम उत्पादन किट भी नि:शुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। सेवई उत्तरी के मुखिया कुलदीप सिंह ने इस पहल के लिए सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा, सीसीएल का यह कदम ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सराहनीय है। वहीं भुचुंगडीह की मुखिया सुनीता देवी ने भी सीसीएल सीएसआर की सराहना करते हुए कहा, मशरूम उत्पादन से महिलाओं को स्वावलंबी बनने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने बताया कि सीसीएल का यह प्रयास महिलाओं की आजीविका सुधारने और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल

गोला (आजाद सिपाही)। रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के गोला हेतमपुर गांव के समीप बीते देर रात को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक युवक को अपने चपेट में लेते हुए फरार हो गया। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि थाना क्षेत्र के घाघरा कोरांबे गांव निवासी बबलू करमाली उम्र 22 वर्ष पिता भुदगु करमाली बीती रात को बोकारो की ओर जा रहा था। इस दौरान बोकारो की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। गोला चारु पथ बरियातु गांव के समीप सोमवार दोपहर को हुई सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि बोकारो तेली डीह निवासी मनोज कुमार आपने मोटरसाईकिल में आपने दो दोस्त संतोष रंजन और मिथुन महतो के साथ रांची की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित हाइवा ने तीनों को अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हाइवा चालक की जमकर धुनाई कर दी।

## एटक ने पीवीयूएन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन




पतरातू (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) पीवीयूएनएल शाखा पतरातू द्वारा विस्थापित प्रभावित और स्थानीय युवाओं के स्थाई रोजगार (नियोजन) के सवाल और मजदूरों की समस्याओं को लेकर पीवीयूएनएल प्रबंधन को 9 सूत्री मांग पत्र पीवीयूएनएल महाप्रबंधक को सौंपा। मांग पत्र में विस्थापित-प्रभावित स्थानीय युवाओं को पीवीयूएनएल के स्थाई कार्यो (नियोजन ) और यूपीएल मैनपॉवर में रखने मजदूरों को समय पर वेतन देने प्लांट में कार्य कर रहे हैं सभी मजदूरों से आचरण प्रमाण पत्र लेना बंद करने सहित अनेकों मांगे शामिल है। इस मौके पर एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक के शाखा सचिव मनोज कुमार महतो, मनोज पाहन, रमेश महतो, किशोर कुमार महतो, नरेश बेदिया, सुरेंद्र कुमार महतो, धर्मनाथ उरांव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने आर्थिक सहयोग दी



गोला (आजाद सिपाही)। श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को श्राद्ध कर्म के लिए आर्थिक सहयोग किया। ज्ञात हो कि गोला प्रखंड क्षेत्र के कामता गांव में किराये के मकान में रहने वाले किशोर रजक उम्र 60 वर्ष का रविवार सुबह 6:00 बजे रांची रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। किशोर रजक का अंतिम संस्कार रविवार को ही गोला प्रखंड के पटासुर मुक्तिधाम में किया गया। किशोर रजक कई महीनो से बीमार चल रहे थे। उनके परिवार का आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गये। परिवार की खराब आर्थिक स्थिति की सूचना श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली को मिली। उन्होंने रविवार को ही महासमिति की ओर से ग्यारह हजार रुपये का आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की। सोमवार को महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने स्वयं पहुंचकर मृतक के परिजनों को उनके आवास में जाकर श्राद्ध कर्म के लिए ग्यारह हजार रुपये का चेक मृतक के पुत्र प्रितम रजक को सौंपा। मौके पर महा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने कहा समाज के जरुरतमंदों की मदद करना ही नर सेवा और नारायण सेवा, महासमिति हर सुख-दुख में सनातन धर्म के लोगों के साथ खड़ा है। आगे उन्होंने कहा कि महासमिति की ओर से गोला डीवीसी चौक निवासी मृतक नील पांडेय के परिजनों को भी आर्थिक सहयोग किया जायेगा। उनके परिजनों से मिलकर महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर के महासमिति के उपाध्यक्ष गौतम महतो,मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा, भागीरथ पोद्दार,आशीष शर्मा, रामा करमाली,गौतम मिश्रा,अभिषेक खत्री, शिवा प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार क्र.सं. - 1025 दिनांक : 07/03/2025, मै सुनीता देवी पति अदय सिंह निवासी ग्राम - चन्द्रपुर पो वा थाना - पांकी जिला - पलामू, झारखंड, शपथ पूर्वक एकरार करती हूँ की 1. यह कि पहचान पत्र संख्य एच जेड बी 2981178 तथा राशन कार्ड सं0 20200268 4759 है जिसमे मेरा नाम सुनिता देवी एवं पति का नाम अदय सिंह दर्ज है। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं 663322003954 है जिसमें मेरा नाम द्रपति देवी पति उदय नाथ सिंह है। 3. यह कि मेरा नाम सुनीता देवी है पति का नाम अदय सिंह तथा द्रपति देवी, पति उदय नाथ सिंह दोनो नामो का एक ही व्यक्ति यानी कि मै और मेरे पति ही है, को सत्यापित करने हेतू कर रही हूँ।


## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ डीईई/टीआरडी/दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर नीचे उल्लिखित अनुसार ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। निविदाओं को **14.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे** खोला जाना निर्धारित है। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-डी-639-सीटीआर-टीएसआर, दिनांक: 21.03.2025। कार्य का नाम :** चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न खण्डों में सम्पूर्ण स्लीपर नवीकरण (प्राथमिक) टीएसआर (पी), सम्पूर्ण ट्रैक नवीकरण सेकेंडरी सीटीआर (एस), सम्पूर्ण रेल नवीकरण प्राथमिक टीआरआर (पी), सम्पूर्ण रेल नवीकरण सेकेंडरी टीआरआर (एस), सम्पूर्ण ट्रैक नवीकरण प्राथमिक सीटीआर (पी) के सम्बन्ध में विद्युतीय (टीआरडी) कार्य। **निविदा मूल्य: ₹** 1,91,96,716.21। **जमा बयाना राशि: ₹** 2,46,000। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 14.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। **ई-निविदा खुलने का स्थान:** वरिष्ठ डीईई/टीआरडी/दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। ई-निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **(PR-1261)**

# परिसीमन का पेच

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की अगुआई में हुई संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) की बैठक से स्पष्ट हो गया है कि इसमें शामिल हुए दलों के लिए परिसीमन कितना संजीदा मुद्दा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ठउअ का हिस्सा होने के बावजूद अपने ढंग से इस मसले को उठा चुके थे, लेकिन पिछले कुछ समय से इस पर स्टालिन काफी मुखर नजर आ रहे थे। खैर, जेएसी में परिसीमन प्रक्रिया को और 25 वर्षों के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**संवाद की संभावना :** परिसीमन स्थगित करने के प्रस्ताव को एक सुझाव के रूप में लिया जाये तो बैठक के दौरान इन नेताओं का जोर इस पर दिखा कि वे विरोध परिसीमन का नहीं बल्कि इस प्रक्रिया में निहित और संभावित अन्याय का कर रहे हैं। हालांकि, केंद्र की एनडीए सरकार की तरफ से यह बात साफ की जा चुकी है कि दक्षिणी राज्यों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इन दोनों पहलुओं को पॉजिटिव नजरिए से देखा जाये तो संवाद के जरिए कोई हल निकलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**टकराव के आसार :** सवाल है कि ऐसे में संवाद के बजाय टकराव बढ़ता क्यों दिख रहा है। इसके पीछे पिछले कुछ समय से केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ी दूरी की भी अहम भूमिका है। चाहे, विरोधी दलों के शासन वाले कुछ राज्यों में राज्यपालों की अति सक्रियता का सवाल हो या त्रिभाषा फॉर्म्युले पर हुई बयानबाजी का या फिर कर-राजस्व आवंटन में होने वाले कथित भेदभाव संबंधी आरोपों का - कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनी है कि राज्यों की हैसियत धीरे-धीरे घट रही है।

**समझना होगा कि इस बहस के मूल में दो बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला लोकतंत्र और दूसरा संघात्मक ढांचा। लोकतंत्र संख्या के हिसाब से हिस्सेदारी की बात करता है तो संघात्मक ढांचा राज्यों की समान हैसियत सुनिश्चित करने की गारंटी देता है।**

**बहस का मूल :** समझना होगा कि इस बहस के मूल में दो बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला लोकतंत्र और दूसरा संघात्मक ढांचा। लोकतंत्र संख्या के हिसाब से हिस्सेदारी की बात करता है तो संघात्मक ढांचा राज्यों की समान हैसियत सुनिश्चित करने की गारंटी देता है। दोनों में से किसी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

**बीच की राह :** अगर यह बात सही है कि परिसीमन को अनंतकाल तक स्थगित किये रहना कोई हल नहीं हो सकता तो इसमें भी दो राय नहीं कि किसी राज्य को जनसंख्या वृद्धि पर काबू पाने की सजा नहीं मिलनी चाहिए। ऐसे में रास्ता एक ही है कि केंद्र किसी के साथ अन्याय न होने देने के अपने संकल्प से आगे बढ़ कर कुछ राज्यों में जोर पकड़ती अन्याय की आशंका को संबोधित करे और उसे दूर करने का प्रयास करे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**टीबी उन्मूलन अब जनभागीदारी द्वारा संचालित एक जन आंदोलन है। पूरे भारत में 13.46 लाख से ज्यादा निक्षय शिविर आयोजित किये गये, जहां सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मजबूत हुआ कि टीबी उन्मूलन सिर्फ. सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है।**

# दृष्टिकोण से विजय तक: भारत किस प्रकार टीबी के विरुद्ध अपनी लड़ाई को नया स्वरूप दे रहा है



**जगत प्रकाश नड्डा**

इस विश्व टीबी दिवस पर, मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूं कि भारत टीबी के खिलाफ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है। यह अभियान 7 दिसंबर 2024 को टीबी के मामलों का पता लगाने में तेजी लाने, मृत्यु दर को कम करने और नए मामलों को रोकने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था।

100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने टीबी का जल्द पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियां पेश कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान हो - जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता - और उनका इलाज किया गया। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआइवी से पीड़ित लोग, बुजुर्ग और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क में रहने वाले शामिल थे।

**भारत सिर्फ. टीबी से नहीं लड़ रहा है-हम इसे हरा भी रहे हैं।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित एक्स-रे ने संदिग्ध टीबी मामलों को तुरंत चिह्नित किया, और स्वर्ण-मानक न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट का उपयोग करके पुष्टि की गई। इन प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि संक्रामक मामलों की पहचान की गई और उनका जल्दी से इलाज किया गया, जिससे संक्रमण पर लगाम लगी और लोगों की जान बचायी गयी।



यह अभियान देश के कोने-कोने तक पहुंचा, जिसमें वे लोग जिनमें टीबी का खतरा अधिक है के 2.97 करोड़ लोगों की जांच की गयी। इस गहन प्रयास के कारण 7.19 लाख टीबी रोगियों की पहचान की गयी, जिनमें से 2.85 लाख मामले बिना लक्षण वाले थे और इस अभिनव दृष्टिकोण के बिना अन्यथा छूट जाते, जिससे टीबी संक्रमण की श्रृंखला टूट गयी। यह सिर्फ. एक मील का पत्थर नहीं है - यह एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

**टीबी मुक्त भारत अभियान: एक जन आंदोलन :** टीबी उन्मूलन अब जनभागीदारी द्वारा संचालित एक जन आंदोलन है। पूरे भारत में 13.46 लाख से ज्यादा निक्षय शिविर आयोजित किये गये, जहां सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मजबूत हुआ कि टीबी उन्मूलन सिर्फ. सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है। और इस मिशन में जनभागीदारी का उदाहरण राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देखा गया, जहां 22 संबंधित मंत्रालयों में टीबी जागरूकता, पोषण किट वितरण, टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ लेने जैसी 35,000 से ज्यादा गतिविधियां की गयीं।

इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, व्यापार संघों, व्यावसायिक संघों, स्वैच्छिक संगठनों के साथ 21,000 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गयीं और 78,000 शैक्षणिक संस्थानों में 7.7 लाख से अधिक छात्रों ने टीबी जागरूकता और संवेदीकरण गतिविधियों में भाग लिया। जेलों, खदानों, चाय बागानों, निर्माण स्थलों और कार्य स्थलों जैसे सामूहिक स्थानों पर 4.17 लाख से अधिक संवेदनशील आबादी की स्क्रीनिंग और परीक्षण किया गया।अभियान अवधि के दौरान त्योहारों पर 21,000 से अधिक टीबी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गयीं, जिनमें धर्म आधारित नेताओं और सामुदायिक प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया।

हमारे प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण, जिसने जन-भागीदारी की आधारशिला रखी, न केवल पोषण के लिए बल्कि मनोसामाजिक और व्यावसायिक समर्थन के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए व्यापक सामाजिक समर्थन जुटाया। टीबी रोगियों के लिए सहायता अब अस्पतालों तक सीमित नहीं है - यह घरों, गांवों और कार्यस्थलों पर भी हो रही है। निःक्षय मित्र पहल के माध्यम से, व्यक्ति और संगठन टीबी से पीड़ित परिवारों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें हजारों पोषण किट पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। सिर्फ. 100 दिनों में, 1,05,181 नए निःक्षय मित्रों को नामांकित किया गया। पोषण और टीबी से उबरने के बीच महत्वपूर्ण संबंध को पहचानते हुए, सरकार ने निःक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता को 500 रुपये से बढ़ा कर 1,000 रुपये प्रति माह कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी टीबी रोगी इस लड़ाई को अकेले न लड़े।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी टीबी रोगियों के लिए विभेदित टीबी देखभाल कार्यक्रम के तहत अनुकूलित और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर रहा है। उदाहरण के लिए, यदि किसी टीबी रोगी का वजन कम पाया जाता है (बीएमआइ < 18.5 किग्रा/ मीटर2), तो उनके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उनके लिए अनुकूलित पोषण और उपचार योजना तैयार करेंगे और उपचार के दौरान हर महीने उनकी प्रगति की निगरानी करेंगे।

इस अभियान की गति ने यह भी दर्शाया है कि कैसे समाज और सरकार का समग्र दृष्टिकोण परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। टीबी जागरूकता और सेवाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत करने के लिए 22 मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। टीबी जागरूकता झांकियां गोवा कार्निवल परेड का मुख्य आकर्षण बन गयीं। देश भर के स्कूलों में, टीबी जागरूकता संदेशों को सुबह की सभाओं में शामिल किया गया। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने हजारों आगंतुकों को मुफ्त टीबी जांच की पेशकश करने के लिए अपने क्लस्टर कार्यालयों के नेटवर्क का लाभ उठाया। इन विविध प्रयासों ने कलंक को तोड़ दिया, गलत सूचनाओं को सही किया और टीबी उन्मूलन को सार्वजनिक चेतना के केंद्र में ला दिया।

100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है। भारत इन प्रयासों को पूरे देश में बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक - चाहे वे कहीं भी रहते हों - को आधुनिक निदान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और अटूट सामुदायिक समर्थन तक पहुंच प्राप्त हो। जिस तरह भारत ने कोविड-19 की जांच को तेजी से बढ़ाया, उसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अगली पीढ़ी के टीबी निदान में निवेश कर रहा है, ताकि अंतिम छोर तक तेज और अधिक सटीक जांच हो सके।

भारत ने पहले भी समुदाय द्वारा संचालित कार्रवाई की शक्ति देखी है - चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन हो या हमारा पोलियो उन्मूलन अभियान। इसी तरह, टीबी मुक्त भारत अभियान अब लोगों के नेतृत्व वाला एक और आंदोलन बन रहा है। जब नवाचार पहुंच से मिलता है और जब सरकारें, समुदाय और व्यक्ति एकजुट होते हैं, तो असंभव वास्तविकता बन जाता है। भारत सिर्फ. टीबी से नहीं लड़ रहा है-हम इसे हरा भी रहे हैं।

**(लेखक : भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

### डालसा का जागरूकता वैन पहुंचा बोड़ाम, ग्रामीणों को दी विधिक जानकारी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) जमशेदपुर के निर्देश पर विधिक जागरूकता मोबाइल वैन बोड़ाम प्रखंड के डांगर गांव पहुंची।सोमवार को उपस्तित डालसा टीम ने ग्रामीणों को विधिक अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बाल विवाह, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, डायन प्रथा, आपदा प्रबंधन, शिशु प्रोजेक्ट, पेंशन योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही, किसी भी कानूनी सहायता के लिए डालसा कार्यालय या बोड़ाम प्रखंड में संचालित स्थानीय लीगल एड क्लिनिक से संपर्क करने की सलाह दी गई।साथ ही मोबाइल वैन ने बड़तल,जुगीघर, सूतीहुलि,चिमटी सहित अन्य गांवों में भी भ्रमण किया।मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को साझा किया। जिनका समाधान कराने हेतु उचित कानूनी सलाह दी गयी। वैसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाने के उद्देश्य से सतत प्रयासरत है।अभियान के दौरान टीम में पीएलवी निताई चंद्र गोराई, नागेन्द्र कुमार,दिलीप जायसवाल, सुजय दत्ता शामिल रहे।

### आगामी पर्व-त्योहार को लेकर जिला पुलिस अलर्ट, पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी : एसएसपी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में आगामी दिनों होने वाले रामनवमी, ईद, चैती दुगार्पूजा और छठ पूजा के मद्देनजर जमशेदपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। सोमवार को जिले एसएसपी किशोर कौशल ने पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया। एसएसपी ने पीसीआर,बाइक पेट्रोलिंग एवं क्विक रिस्पॉन्स टीम के जवानों को जानकारी देते हुए विशेष कई निर्देश दी। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात रहने का निर्देश दिया। ताकि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। एसएसपी ने बताया त्योहारों के दौरान बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में बाइक पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। ताकि आम जनता को सुरक्षित माहौल मिल सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की किसी भी प्रकार की असुविधा या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत जिला पुलिस या नजदीकी थाने में दें। पुलिस त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।जमशेदपुर पुलिस शहरवासियों से सहयोग की अपील करती है।ताकि सभी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मना सकें।

### यातायात पुलिस की कार्यशैली से जनता में आक्रोश, जल्द सुधार हो नहीं तो आजसू करेगी आंदोलन : कन्हैया सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था व पुलिस की कार्यशैली को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। मौके पर अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा वर्तमान में जिले की यातायात पुलिस का ध्यान केवल दोपहिया वाहनों पर केंद्रित है। वाहन जांच के नाम पर जगह-जगह हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बड़े वाहनों की अनियमित पार्किंग और अवैध पास निर्गत करने जैसी समस्याओं पर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।जबकि शहर में अपराधों की संख्या बढ़ रही है।



**आजसू पार्टी के प्रमुख मुद्दे**

सभी पुलिस कर्मियों को वाहन जांच में लगा दिया गया है,जिससे हत्या, लूट, चैन स्नैचिंग, डकैती, चोरी और मादक पदार्थों का व्यापार जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। शहर के हर 500 मीटर पर हेलमेट चेकिंग के नाम पर पुलिस वाहन चालकों को अपराधियों की तरह पकड़ रही है। कई बार एक ही व्यक्ति से बार-बार जुर्माना वसूला जा रहा है। स्वर्णरेखा बर्निंग घाट से मानगो चौक, मिनीफिट टीओपी से अन्ना चौक, आरडी टाटा गोलचक्कर से बमामाईंस और मेरीन ड्राइव रोड पर बड़े वाहनों के ठहराव से भारी जाम लग रहा है, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस सिर्फ दोपहिया वाहनों पर सख्ती कर रही है, जबकि तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच नहीं की जाती।ट्रैफिक डीएसपी द्वारा दिन में नो-इंट्री के समय भी बड़े वाहनों को पास जारी किया जा रहा है। अगर इन वाहनों से दुर्घटना होती है, तो मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की स्पष्ट नीति होनी चाहिए।

**आंदोलन की दी चेतावनी**

आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा यातायात पुलिस की कार्यशैली से जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो आजसू पार्टी सड़क पर उतरकर चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।मौके पर कन्हैया सिंह, अप्पू तिवारी, मंगल टुडू, चंदेश्वर पांडेय, सोमू भौमिक, शैलेन्द्र सिन्हा, मृत्युंजय सिंह, देवाशीष चौधरी, विमल मौर्या, मंजीत सिंह, सुधीर सिंह, चंदन सिंह, राजेश चौधरी, मुन्ना समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जेआरडी में फर्स्ट स्टील सिटी क्लासिक चैंपियनशिप का आयोजन

## बेस्ट वूमेंस फिजिक चैंपियन ऑफ चैंपियन बनी श्रेया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट काम्प्लेक्स में रविवार को मानगो लाइफ स्टायल फिटनेस जिम के द्वारा फर्स्ट स्टील सिटी क्लासिक चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। लेकिन जिम प्रबंधन ने एक दिन पूर्व ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रेसिडेंट मानिक मोहंती का तबीयत खराब होने की जानकारी देकर आयोजन को स्थगित करने की बात कही। उधर पूर्व में इंट्री फीस के साथ रजिस्ट्रेशन कराने वाले खिलाड़ियो का रविवार सुबह से ही जेआरडी आना जाना लगा रहा। सूत्र की माने तो इस तरह के आयोजन में शामिल होने के लिए लगभग एक माह पूर्व से ही भोजन में बदलाव करना पड़ता है। बिना नमक के साथ एक दिन पूर्व पानी भी छोड़ना पड़ता है। कठिन परिश्रम के बाद अचानक कार्यक्रम स्थगित होंने की सूचना मिलना दुर्भाग्य है। उधर जिम प्रबंधन ने युवाओ की परेशानी को देखते हुए प्रतियोगिता कराने का फैसला लिया। रविवार शाम जेआरडी टाटा स्पोर्ट काम्प्लेक्स में लाइफ स्टायल फिटनेस जिम के द्वारा ओपन झारखंड बॉडीबिल्डिंग एंड मेंस और वूमेंस सपोर्ट फिजिक चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता,कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। चैंपियनशिप में युवा युवतियों ने एक से बढ़ कर एक अपने कला प्रस्तुत की। वूमेंस सपोर्ट फिजिक चैंपियनशिप में सिक्किम और पूरी में दो बार नेशनल खेल कर झारखण्ड का नाम रोशन करने वाली पत्रकार के बेटी श्रेया ने अपने जलवा दिखाते हुए पहला स्थान हासिल की। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा श्रेया को बेस्ट वूमेंस फिजिक चैंपियन ऑफ चैंपियन सैश,सील्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। उधर देर शाम तक ओपन झारखंड बॉडीबिल्डिंग एंड मेंस के युवा खिलाड़ियो ने बढ़ चढ़ कर जलवा दिखाया।बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उपस्तित अतिथि धर्मेंद्र सोनकर के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



### आदित्यपुर में लगेंगे 34 हजार स्मार्ट मीटर



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर विद्युत डिविजनल क्षेत्र में 34 हजार उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसमें से अब तक 3 हजार घरों में इंस्टॉलेशन पूरा हो चुका है।सोमवार को विद्युत कार्यपालक अभियंता संदीप कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा बेनटेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। इससे रियल-टाइम बिजली खपत की जानकारी मिलेगी। साथ ही बिजली की बचत करने में मदद व बिजली चोरी पर रोकथाम संभव होगी और सटीक बिलिंग से गलत बिलिंग की संभावना कम होगी। इसके लिए सभी उपभोक्ताओं को निदेर्शानुसार पोस्टपेड या प्रीपेड विधि से बिल भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा मार्च क्लोजिंग तक 30 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत सरकारी, औद्योगिक एवं शहरी उपभोक्ताओं से बकाया वसूली जारी है। सभी उपभोक्ताओं से अपील है वे अपने घर में स्मार्ट मीटर अवश्य लगवाएं और इस सुविधा का लाभ उठायें।

### मंगल कालिंदी ने गोविंदपुर में ओवरब्रिज के लिए एप्रोच पथ निर्माण की मांग की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने गोविन्दपुर रेलवे फाटक एवं बारिगोड़ा रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवरब्रिज के एप्रोच पथ निर्माण की मांग सरकार से की। सोमवार को विधायक ने विधानसभा में कहा टाटानगर-हावड़ा रेलमार्ग पर थर्ड लाइन निर्माण के उपरांत रेलवे द्वारा ओवरब्रिज संख्या 137 एवं 138 के निर्माण की योजना है। जिसका एक वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास भी किया गया था। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा आज तक इस परियोजना पर कार्य शुरू नहीं हुआ, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रेलवे द्वारा देरी का कारण ओवरब्रिज के लिए एप्रोच पथ नही होना बताया जा रहा है।विधायक मंगल कालिंदी ने सरकार से आग्रह किया लोकहित में शीघ्र एप्रोच पथ का निर्माण कराया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र में सुचारू यातायात बहाल हो सके।

### सरायकेला सिविल कोर्ट ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को 25 साल की सजा सुनायी

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामशंकर सिंह ने आरआईटी पोक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपी अजित कुमार को 25 साल की सजा सुनायी। विदित हो कि आरआइटी थाना कांड संख्या 4/ 2022 (पोस्को एक्ट) के आरोपी अजित कुमार, निवासी बंतानगर पीएचडी रोड, थाना आरआईटी को पीडीजे ने मामले में दोषी पाते हुए सजा सुनायी है। पीड़ित पक्ष की पैरवी अधिवक्ता अरुण सिंह कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा केस को काफी उलझाने का प्रयास किया गया मगर अंत में न्याय की जीत हुई है। इसमें उनकी सहयोगी अधिवक्ता शेफाली मंडल ने काफी मेहनत किया और केस को अंजाम तक पहुंचाया।

## नक्सली संगठन का फरार अभियुक्त पिंटू गंझू गिरफ्तार



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** स्थानीय थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए टीपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) नक्सली संगठन के फरार अभियुक्त पिंटू गंझू को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे सोमवार को लातेहार जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ (वर्तमान थाना बारियातू) कांड संख्या 168/20 का अभियुक्त पिंटू गंझू अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इस दल ने हेरहंज थाना क्षेत्र के सुअरधरी गांव में अभियुक्त के घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## 31 मार्च तक टाना भगतों की सभी समस्याओं को हल करें: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टाना भगत समुदाय के लिए संचालित योजनाओं की बिंदुवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, टाना भगत को वस्त्र के लिए चार हजार रुपये का वितरण, गाय का वितरण, मनरेगा, पेंशन योजना, शिक्षा समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये।

बैठक में निःशुल्क लगान रसीद, दाखिल-खारिज, उत्तराधिकार नामांतरण समेत अन्य मामलों के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। उपायुक्त द्वारा सभी




अंचल अधिकारियों को आगामी 31 मार्च तक कैंप लगाकर उत्तराधिकारी के आधार पर भूमि नामांतरण कराने एवं निःशुल्क रसीद उपलब्ध कराने, बटवारा दाखिल खारिज समेत अन्य मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक को इनके बच्चों को रोजगार से जोड़ने हेतु कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।

बैठक में टाना भगतों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव पर उपायुक्त द्वारा अपर समाहर्ता को उनके आवेदन पर आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में निदेशक आइटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, श्रम अधीक्षक, परमेश्वर टाना भगत, बहादूर टाना भगत समेत अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मनिका विधायक नें छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग की


आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह ने भौगोलिक स्थिति को देखते हुए छिपादोहर को प्रखंड का दर्जा देने की मांग सरकार से की। सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए विधायक ने कहा कि छिपादोहर, केड, लात, चुगरू हरातु कुचिला को मिला कर प्रखंड बनाया जा सकता है। जो अपनी हर परिपक्वता को पूर्ण करता है। बता दें कि झारखंड राज्य अलग होने के बाद से ही छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग की जा रही है। यहां गठित 11 सदस्यीय प्रखंड निर्माण समिति के लोग सूबे के 3 तत्कालीन मुख्यमंत्रियों से मिलकर इसे प्रखंड बनाने का प्रस्ताव रख चुके हैं। वर्ष 2001 में देवनाथ सिंह के नेतृत्व में यह समिति गठित की गयी थी। जानकारी के अनुसार कमेटी के लोगों ने वर्ष 2002 में बेतला प्रवास के दौरान सूबे के



पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिलकर छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी। इस पर श्री मरांडी ने जल्द ही छिपादोहर को प्रखंड का दर्जा दिलाने का भरोसा दिलाया। वर्ष 2008 और 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से भी प्रतिनिधि मंडल ने बेतला व रांची में मुलाकात कर छिपादोहर को प्रखंड का दर्जा देने की मांग की। उस समय भी लोगों को आश्वासन मिला। कमेटी के लोगों ने वर्ष 2014 में छिपादोहर में आयोजित विकास मेला के दौरान लातेहार के तत्कालीन उपायुक्त राहुल पुरवार से मुलाकात कर छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखी। 22 साल बीतने के बाद भी छिपादोहर को प्रखंड का दर्जा नहीं मिल सका है।

## ओलावृष्टि से किसानों का आशियाना उजड़ा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पिछले दिनों हुये ओला वृष्टि से हजारों ग्रामीण के फसल व आशियाना उजड़ गया है। सभी गरीब ग्रामीण सरकार और प्रशासन से मदद की आस लगाये बैठे है। गडरपो, भौरो मसमानो जमगाई और भंडरा के किसान एवं आम गरीब पीड़ित परिवार क्षतिपूर्ति को लेकर भंडरा आंचल कार्यालय व स्थानीय मुखिया के पास आवेदन जमा करने पहुंच रहे है। इधर आवेदन व फोटो साफ करने के लिए स्टूडियो व प्रज्ञा केंद्र मे ग्रामीणों की भीड़ देखी जा रही है। प्रज्ञा केंद्र और स्टूडियो संचालक फिलहाल ग्रामीणों से मनमानी पैसा वसूल रहे है। दूसरी ओर प्रकृतिक की इस भयानक आपदा से पीड़ित धानामुंजी गांव की एक गरीब महिला अपनी बेटी की शादी को लेकर काफी परेशान व चिंतित है। धनमुंजी गांव की बंधइन उरांव का कच्चा मकान इस प्रकृतिक आपदा मे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घर के अनाज व अन्य सामग्री भी बुरी तरह बर्बाद हो गया है। बंधइन ने बताया की अगले महीने बेटी शशिकमला उरांव की शादी है। घर मे मेहमान व ग्रामीण आयेंगे अब टूटे घर मे बिटिया की शादी कैसे होंगी। पाई-पाई जुटाकर शादी का राशन और अन्य सामग्री जुटाये थे, सब बर्बाद हो गया। यही सोच कर घर के सभी परिजन परेशान है। बंधइन के पति बंधु उरांव की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। ऐसे मे गरीब लाचार महिला अब करें तो क्या करें। कुछ ग्रामीण बंधइन के क्षतिपूर्ति के लिए आंचल मे आवेदन जमा करने मे मदद कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है बंधइन उरांव की मदद प्रशासन को जल्द करनी चाहिए।

## कुत्तों के झुंड ने मासूम पर किया हमला, घायल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव निवासी गणेश साहू के पांच वर्षीय पुत्र अपनी मां के पीछे-पीछे घर से निकला ही था कि अचानक पांच आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम को अपना शिकार बना डाला जिससे बच्चा बुरी तरह से घायल हो गया। अपने मासूम को बचाने के लिए उसकी मां ने अपनी जान पर खेल कर किसी प्रकार बच्चे को कुत्तों के झुंड से अलग किया। मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बच्चे को उसके पिता तुरंत सदर अस्पताल इलाज के लिए लेकर आये। अस्पताल में रैबीज का टीका उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में परिजन काफी परेशान थे। घटना की सूचना पर जय श्री राम समिति के जिला पदाधिकारी ने सदर अस्पताल में पहुंच कर उचित उपचार में मदद की। समिति के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा गंभीर अवस्था में भी कुत्ते के काटने पर रैबीज का इंजेक्शन ना मिलना बहुत ही दुखद है। इस अवस्था में बाहर से इंजेक्शन लाकर बच्चे को दिलाया गया। ऐसी समस्या पर अस्पताल प्रशासक एवं उपायुक्त को संज्ञान लेना चाहिए, ताकि समय रहते किसी की जान बचायी जा सके। मौके पर अभिभावक डबला मुखर्जी, जिला संरक्षक अजय सोनी, ओम महतो, प्रमोद प्रजापति समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## मधुमक्खी पालन और शहद मिशन कार्यशाला आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के तत्वाधान में टाऊन हॉल में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन (एनबीएचएम) योजनांतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला सहकारिता पदाधिकारी जागमणि टोपनो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, जिला भूमि सरंक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये मधुमक्खी पालक किसान और प्रशिक्षणार्थियों को मधुमक्खी पालन की तकनीकी व सूक्ष्म जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने मधुमक्खी पालन के तौर-तरीके और मधु से जुड़े उत्पादों के व्यवसायिक प्रयोग के बारे में बताया। कार्यशाला का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में रुचि रखने वाले किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करना था, जिससे वे इस व्यवसाय को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें।

## भंडरा पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आज

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आहूत की गयी है। इसकी जानकारी बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने दी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रमुख बरिया देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें कार्यान्वयन समिति में दो मुखिया को चुना जाना है। जिसमें सभी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के अलावे सभी विभाग के अधिकारियों को बैठक में भाग लेना अनिवार्य है। बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पंचायत समिति सदस्य की शिकायत जिला अनुमंडल पदाधिकारी से की जायेगी। इससे पूर्व दो बैठक में पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचे थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


### कुडू में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी का मामला

## भू-स्वामी ने जमीन पर बलपूर्वक पीएम आवास बनाने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के लावागाई पंचायत अंतर्गत ग्राम जांगी में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी सामने आयी है। भू-स्वामी ने जमीन पर दावा करते हुए कुडू सीओ सह बीडीओ मधुश्री मिश्रा को लिखित आवेदन देकर उसकी जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। अपने आवेदन में भू-स्वामी जांगी गांव निवासी मुनी उरांव पति महावीर उरांव द्वारा दिये अपने आवेदन ने बताया गया है कि खाता संख्या 35 प्लॉट संख्या 546 मेरा है और लखिया उरांव पति बिफई उरांव द्वारा जबरदस्ती बलपूर्वक पीएम आवास का निर्माण कराया जा रहा है। मुनी उरांव ने बताया कि उक्त जमीन पर आवास का निर्माण



कराये जाने की सूचना पर वो तत्काल रोकने को पहुंची तो आवास की लाभुक लखिया उरांव और उसके परिवार वालो ने बताया कि यह प्रधानमंत्री आवास उन्हें आवंटित किया गया है। मना करने पर धमकी देते हुए मारपीट पर उतारू हो गये। जिसके बाद मैंने 12 मार्च को सीओ सह बीडीओ को जमीन पर आवास निर्माण पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है।

**सीओ सह कुडू बीडीओ ने कहा**

सीओ मधुश्री मिश्रा ने बताया कि जांगी निवासी मुनी उरांव द्वारा उक्त जमीन पर पीएम आवास बनाने को लेकर शिकायत की गयी है। राजस्व उपनिरीक्षक को जांच का निर्देश दिया गया है। शिकायत सही निकली और सच मे गड़बड़ी की गयी है तो वैसे लोगों पर विभाग को गुमराह करने और जालसाजी का मामला दर्ज होगा। जांच में दोषी पाये जाने पर पीएम आवास बनवाने वाले लाभुक को भुगतान की गयी राशि की रिकवरी भी की जायेगी।

## ओलावृष्टि से हुए नुकसान के मुआवजा के लिये किसानों ने दिया आवेदन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ओलावृष्टि से प्रभावित नुकसान फसल का मुआवजा के लिये अंचल कार्यालय और सभी ग्यारह पंचायत के पंचायत भवनों में आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशानुसार अंचल कार्यालय सेन्हा और सभी पंचायत भवनों में जनसेवकों द्वारा शिविर आयोजन कर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा। वही अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को सरकार के निर्देश पर सभी योग्य किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा अवश्य दिया जायेगा। साथ ही कहा कि जो भी किसान फसल बीमा कराये हुए हैं। वैसे सभी किसान 14447 टॉल फ्री नम्बर में कॉल कर के बीमा राशि के लिये सीधा संपर्क कर सकते हैं।

## चंदवा में शांति समिति की बैठक आज

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गयी है। थाना परिसर में आज अपराह्न 4:30 बैठक रखी गयी है। बैठक का उद्देश्य ईद, सरहुल एवं रामनवमी को परस्पर और आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना परिषर में बैठक कर आपसी भाइचारा कायम रहे। साथ ही सभी पर्व को कैसे रूप दिया जाये। इस लिए प्रखंड प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील किया है कि आप सभी राजनितिक दल प्रतिनिधि, पंचायतीराज प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और प्रबुद्धजन ससमय उपस्थित होकर अपना बहुमूल्य सुझाव प्रदान करें। इस बैठक की जानकारी चंदवा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने दी है।

## पहाड़ी मंदिर में दुर्जागीन महोत्सव का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर में सोमवार को एक दिवसीय दुर्जागीन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव की शुरूआत को लेकर मंदिर परिसर को पूरी तरह से दुल्हन की तरह सजाया गया था। मंदिर परिसर में पारंपरिक तरीके से बैगा के द्वारा सुबह बली पूजा के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी। वहीं दोपहर में आयोजन समिति के द्वारा भव्य भंडारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में मंदिर के भक्तो ने हिस्सा लिया। वही देर शाम महाआरती कार्यक्रम के साथ भजन संध्या कार्यक्रम भी आयोजित की गयी। मंदिर परिसर में पहली बार आयोजित दुर्जागीन महोत्सव की शुरूआत की गयी हैं। इस दौरान मौके पर पूर्व सब इंस्पेक्टर विनोद पासवान, विकास कुमार पासवान दीपक सिंह, दिलीप सिंह यादव, प्रमोद कुमार चौहान, भोला कुमार,राजन कुमार, रवि कुमार तूरी, लव कुमार पासवान, अभिषेक कुमार पासवान, साहिल सिंह पवन शर्मा, पवन कुमार बुधराम, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सीआरपीएफ के करमडीह कैंप में किसानों और बच्चों के बीच सामग्री का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के नक्सल प्रभावित करमडीह गांव स्थित बी/172 बटा कैंप परिसर मे कमाण्डेंट नृपेंद्र कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व मे सोमवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। साथ में कुलदीप कुमार द्वितीय कमान अधिकारी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत गरीब किसानों और ग्रामीणों के जीवन यापन को सुलभ बनाने, कृषि को बढ़ावा देने और उनके बच्चो को शिक्षा तथा खेल के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की समग्रियों का वितरण किया गया। जिसमें उन्नत कृषि, बीज बच्चो की पठन-पाठन सामाग्री, पानी टंकी, सोलर लैंप, मचछर दानी सहित अन्य समग्रियों का



वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गावों से एकत्रित्त हुए लोगो को देश प्रेमी भावना की फिल्म दिखायी गयी। मौके पर कमाण्डेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि 172 बटा केरिपु बल हमेशा से प्रयास रहा है कि क्षेत्र के आम जन समुदाय को लाभ पाहुंचाने के उद्देश्य से बटा. द्वारा जन कल्यांणकरी कार्यक्रम चलाते रहे है। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को विकषित तथा लाभान्वित किया जा सके। मौके पर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह बी/172 बटा. के समबाय अधिकारी अक्षय मुम्बईकर पांडुरंग सहा. कमा, लात ग्राम पंचायत की मुखिया इश्वरी देवीऔर भरी संख्या मे स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसाद नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉक्टर गणेश प्रसाद, उर्सुला हॉस्पिटल लोहरदगा के चिकित्सक डाक्टर आइलिन तथा लोहरदगा नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉक्टर राजेश कुमार भगत के द्वारा किया गया। डॉ गणेश प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए जिससे शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। बीमारियों से बचाव के लिए साफ सफाई और




स्वच्छता बहुत ही जरूरी है। डॉ आइलिन ने बताया कि अज्ञानता के कारण ही अधिकतर लोग बीमारियों के शिकार होते हैं संतुलित आहार लेने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। स्वस्थ शरीर होने से ही पढ़ाई में भी मन लगता है। छात्रों को प्रातः उठाना अपने शारीरिक साफ सफाई का ध्यान रखना और अपने गुरु जनों का कहना मानना चाहिए। डॉ राजेश कुमार भगत ने बताया कि आप सभी भाग्यशाली हैं पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के छात्र है। सभी बच्चे नियमित रूप से साफ सफाई को बढ़ावा दें, साफ सुथरा रहेंगे तो बीमार कम पड़ेंगे। प्रधानाध्यापक अरुण राम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की यह हमारे विद्यालय का सौभाग्य है कि आप सभी बच्चों के हित में यहां आए हैं बच्चों को निश्चित ही इससे लाभ होगा। स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यार्थियों का ब्लड ग्रुप तथा हीमोग्लोबिन की जांच की गयी। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की गयी।

## मेगा हेल्थ कैंप में 185 मरीजों की जांच और औषधि का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध पारस हॉस्पिटल एचइसी रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुमार अभिषेक आर्य (कंसलटेंट कार्डियोलॉजिस्ट एमबीबीएस एचडीएम कार्डियोलॉजी) के द्वारा 43 हृदय संबंधी रोगियों को परामर्श एवं इसीजी जांच किया गया। हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अवकाश (कंसलटेंट



ऑथोर्पेडिक्स एमबीबीएस) के द्वारा 63 मरीज मरीज को निःशुल्क परामर्श एक्स-रे आदि जांच की गयी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एसके गुप्ता (फेलोशिप अरविंद आइ हॉस्पिटल मदुरई) तमिलनाडु के द्वारा 72 मरीज का नेत्र संबंधी रोगों का परामर्श एवं आंख का पावर जांच किया गया। सामान्य रोग के 35 मरीज का इलाज कल्याण अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके सिन्हा एमबीबीएस जनरल फिजिशियन डॉक्टर श्रवण कुमार मिश्रा जनरल फिजिशियन के द्वारा किया गया। इस मेगा शिविर में कुल 56 मरीजों का ब्लड यूरिन से संबंधित 70 पैथोलॉजिकल टेस्ट एवं सिकल सेल के दो मरीजों का टेस्ट किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में 185 रोगियों का निः शुल्क इलाज एवं औषधि वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलिमा सोरेंग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, दुबराज यादव द्वारा कल्याण अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर को सफल बनाने में पारस अस्पताल रांची के मार्केटिंग मैनेजर विकास कुमार मिश्रा एवं कुमार मृणाल कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, लाइजनिंग मैनेजर राजीव रंजन, अस्पताल के मुकेश साहू, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, लक्ष्मी देवी, जमुना साहू, अरुण राम, फार्मासिस्ट कंचन कुमारी, एएनएम अंशु कुमारी आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## केंद्रीय महावीर मंडल के कार्यालय का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के समीप सोमवार को केंद्रीय महावीर मंडल के कार्यालय का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष विपुल तमेड़ा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान समिति के संरक्षकों के द्वारा श्रीफल फोड़कर व माता दुर्गा, श्री राम व वीर हनुमान के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं इस वर्ष भी रामनवमी पर्व भव्य रूप व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं कहा गया कि सभी अखाड़ा के पदाधिकारी व सदस्य अपने अपने अखाड़ा को भगवा झंडा सहित अन्य साज सज्जा से सजाये ताकि पूरा क्षेत्र भगवमय हो जाये। वहीं सभी अखाड़े के राम भक्तों से केंद्रीय महावीर मंडल के नेतृत्व में 25 मार्च को निकलने वाले मंगलवारी शोभा यात्रा में अपने पारंपरिक गाजा बाजा के साथ शामिल होकर शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाये।

## मिट्टी की दीवार गिरने से नीचे दबकर दो घायल, एक गंभीर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलबिगहा गांव में मिट्टी की दीवार तोड़ने के क्रम में एक ही परिवार के दो सदस्य दीवार के नीचे दब कर घायल हो गए। उसकी पहचान शमीम अंसारी और इशहाक अंसारी के रूप में हुई है। इशहाक अंसारी की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। दोनों को हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार बेलबिगहा निवासी शमीम अंसारी और उनके पिता इशहाक अंसारी मिट्टी की दीवार तोड़ रहे थे। तभी दीवार पलट गयी और मिट्टी के नीचे दोनों दब कर घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को ग्रामीणों के सहयोग से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद शमीम अंसारी की स्थिति में सुधार है, जबकि इशहाक अंसारी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# एचएम पर बच्चों को शादी का बासी खाना खिलाने का आरोप

## अक्रोशित ग्रामीणों-अभिभावकों ने हटाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के दलपतपुर पंचायत अंतर्गत चपरवार के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनेश राम पर ग्रामीणों ने विद्यालय संचालन के दौरान कई गंभीर आरोप लगाये है। इस बाबत ग्रामीणों ने पीपरा बीडीओ विनय कुमार को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर आरोपी एचएम को तत्काल स्थानांतरण करने की मांग की है। बीडीओ को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने एचएम पर ग्रामीण के घर शादी का बचा हुआ खाना खिलाने, बच्चों द्वारा परिजन से



बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर एचएम की शिकायत करते ग्रामीण-अभिभावक।

शिकायत करने पर उनके साथ मारपीट करने, विकास फंड की राशि गबन करने, 45 से 50 छात्र-छात्राओं की जगह 150 से 200 छात्रों का फर्जी हजारी बनाने, मैन्यू के नुसार मध्याह्न भोजन नहीं देने, संयोजिका किरण देवी से जबरन सादा विड्रोल निकासी फार्म पर हस्ताक्षर करवाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि एचएम की लापरवाही से विद्यालय में शैक्षणिक माहौल नहीं बन पा रहा है जिसका असर बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में बैठक कर सहायक शिक्षक विनेश राम को हटाते हुए बच्चों के भविष्य संवारने की जिम्मेवारी शिक्षक मनोज कुमार सिंह को देने की मांग की है। इनमें सामाजिक कार्यकर्ता उपेन्द्र यादव, माता समिति के अध्यक्ष गुड़िया देवी, संयोजीका किरण देवी, वार्ड सदस्य सुधीर सिंह, दूधेश्वर यादव, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, शंभू सिंह, दूना सिंह, दीपक राम, उपेंद्र राम, छठन पासवान, संजय पासवान, दुर्गेश चंद्रवंशी, मनोज कुमार सिंह,सीताराम यादव, रामअसरे पासवान, शिवनाथ चंद्रवंशी, अंबिका सिंह आदि शामिल हैं।

## नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव, पलामू सांसद ने दिखायी हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर 12453/12454 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का रविवार रात से ठहराव शुरू हो गया। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। बतातें चलें कि उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए श्री बंशीधर नगर, गढ़वा की जनता लगातार मांग कर रही थी। स्टेशन पर रात 9.47 बजे ट्रेन के आगमन होते ही सांसद ने हरी झंडी दिखाई जिसके बाद ट्रेन संख्या 12453 का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ हो गया। इस ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन सुगम होगी। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वे नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का नाम बाबा वंशीधर के नाम पर बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन करने के लिए भी प्रयासरत हैं, जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पलामू एवं गढ़वा जिले के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बनारस, गोरखपुर एवं लखनऊ के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिसके लिए वे इन जगहों पर रेलवे पहुंच सुलभ हो इसके लिए प्रयासरत्त हैं। जल्द ही इन जगहों के लिए भी ट्रेन परिचालन के कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली से पलामू एवं गढ़वा के लोगों की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए अपने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से प्रतिदिन ट्रेन का परिचालन करवाने का प्रयास कर रहे हैं। बताया कि 200 किमी लम्बी बारवाडीह-अंबिकापुर चिरमिरी रेल लाइन का डीपीआर बन रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई करते हुए रेल लाइन निर्माण का कार्य भी किया जायेगा। इस मौके पर एडीआरएम विनीत कुमार, भाजपा के गढ़वा जिला वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, रघुराज पांडेय, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, लक्ष्मण राम, मथुरा पासवान, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी, शिव नारायण चन्द्रा, विनय चौबे, मुकेश चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, मिथिलेश तिवारी, शिव कुमार मिश्रा, अनुज पांडेय, भोला पांडेय, पंकज तिवारी, धीरेंद्र चौबे, कौशल झा, अभिषेक चौरसिया, पियूष तिवारी, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रेलवे के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## घासी जतरा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** घासी समाज संघ गुमला के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक के नेतृत्व में करौंदी रथ मेला बगीचा परिसर में घासी जतरा महोत्सव कार्यक्रम अयोजन किया गया। इससे पूर्व गुमला शहर में घासी समाज के लोगों का शोभा यात्रा निकाली गयी। इस शोभा यात्रा में पद्यम श्री मुकुंद नायक, घासी नायक समाज के प्रदेश अध्यक्ष संदीप टाईगर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश नायक, कोषाध्यक्ष संजय नायक, जितेन्द्र नायक, केंदीय अध्यक्ष डॉ रिझु नायक, सोनी नायक, विनीता पाठक नायक,संरक्षक भानुनंदु बाबा नायक, लातेहार से पिंटू नायक, लोहरदगा से नरेंद्र नायक, रामगढ़ से संजय नायक, गुमला जिला के सभी क्षेत्रों से घासी समाज के हजारों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मुकुंद नायक ने समाज के लोगों को संगठित एवं शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ रीझू नायक, साधना नायक, संदीप टाईगर नायक, मुकेश नायक, पिंटू नायक, संजय नायक सहित कई वक्ताओं ने अपने समाज के लोगों को संगठित, शिक्षित और विकसित होने का मंत्र दिया। वहीं, कवि किशन, राज देव नायक, केशो देवी, रूपा देवी, सुनीता कुमारी, देवीलाल नायक, अमित नायक, रवि राम आदि कलाकारों ने समाज के लोगों को दिन भर मनोरंजन कराया। मौके पर, रवि नायक, गौतम नायक, मुकेश नायक, शक्ति नायक, मानेश्वर नायक, घुरन राम, जगजीवन नायक, दिलीप नायक, जगनरायण नायक, छोटू नायक, राजेश नायक, बली नायक, बजरंग नायक, नॉलेज नायक, राहुल नायक, श्याम नायक, रघु नायक, बीरू नायक, भुनेश्वर नायक, पंचु राम नायक, खेड़ू नायक, शिवा नायक, दीपक नायक, सुदर्शन नायक, रामबिलास नायक आदि मौजूद रहे।

## झूठा मुकदमा दर्ज कराकर किया जा रहा जन समस्याओं को दबाने का प्रयास: अरविंद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के पीपरा प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचारियों का विरोध करने पर झूठा मुकदमा दर्ज कर अधिकारी द्वारा जन समस्याओं को दबाने की साजिश रची गई है। उक्त बातें सोमवार को तेंदुई पंचायत की मुखिया पति अरविंद सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का विरोध करने पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। साजिश को कानून निष्पक्ष जांच कर पदार्फाश करेगी और हमें कानून से न्याय मिलेगा क्योंकि हमने किसी अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार या गाली ग्लौज



नहीं की है। उन्होंने कहा कि मुखिया पति होने के नाते जनता की समस्या को सुनना और उसका निदान करना हमारा कर्तव्य है। उनकी शिकायत को लेकर बीते 18 मार्च को एमओ सर्जुन राम के पास गया था और जनता की समस्या को रखा। पर उन्होंने समस्या को अनदेखा कर मेरे खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज करा कर फंसाने का प्रयास किया है। पर हम डरने वाले नहीं हैं। जनता के हित में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। कहा कि तेंदुई पंचायत की ग्रामीण जनता मेरे कहने से नहीं, बल्कि वे लोग खुद प्रखंड कार्यालय पहुंच कर रिश्वतखोरियों के खिलाफ प्रदर्शन किया है। ग्रामीण जनता अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ना जानती है और रिश्वतखोरियों को जड़ से उखाड़ फेंकेगी।

## मरने वाले की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम का करें पौधारोपण : डॉ कौशल किशोर

**पर्यावरण धर्म के तहत डॉ कौशल ने दो सगे भाई के श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम किया पौधारोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



पौधा लगाते व शपथ दिलाते ट्री मैन डॉ कौशल।

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के हुलसम पंचायत के विषयपुर गांवों में रविवार को दो सगे भाई विष्णु देव सिंह और रामदेव सिंह के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि श्राद्ध में केवल सेजिया दान करने से नहीं, बल्कि दान किये पौधे लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी। उन्होंने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों का शपथ दिलाते हुए कहा कि वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा करना केवल वन विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। किसी भी कीमत में जंगल में आग ना लगने दे, क्योंकि जंगल में आग लगने से पेड़-पौधे और पशु-पक्षी के साथ ही प्रकृति का किसान केंचुआ भी मर जाता है। मिट्टी पक जाती है जिससे नये वृक्षों का बीज नहीं उग पाता है। वहीं, क्षेत्र के विख्यात व्यास शिवनाथ सुरीला ने कहा कि डॉ कौशल किशोर जायसवाल क्षेत्र के लिए गर्व है। इनसे सीख लेने की जरूरत है। मौके पर स्व विष्णु सिंह की पत्नी लक्ष्मीनिया देवी, पुत्र कामेश्वर सिंह, जीवन सिंह, पुत्री जगपतिया देवी, मुन्ना देवी, स्व रामदेव सिंह की पत्नी राजपतिया देवी, पुत्र बिहारी सिंह, ददन सिंह, महेश सिंह, जयराम सिंह, संजय सिंह, मुखिया लखेश्वरी देवी, पति श्यामदेव सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी, राजन सिंह, पूर्व मुखिया श्रीकांत सिंह, उप मुखिया छठु सिंह, सुभाष पाठक, लव कुश शर्मा, विश्वनाथ सिंह, गोविंद यादव आदि मौजूद थे।

## जूडो खिलाड़ियों का अस्मिता महिला जूडो लीग में शानदार प्रदर्शन

**बोकारो (आजाद सिपाही)। एमजीएम स्कूल में बोकारो सिटी वूमेंस जूडो लीग का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स के तत्वाधान में बोकारो जूडो संघ की ओर से आयोजित हुआ है। जिसका उद्घाटन श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य शैलजा कुमारी, एमजीएम स्कूल के प्राचार्य फादर डॉक्टर जोशी वर्गीस, उप प्राचार्य रेखा बनर्जी, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी तथा डीएवी 6 की प्राचार्य अनुराधा सिंह द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि झारखंड के अलग-अलग जिलों से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। सभी खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों के बीच 36 स्वर्ण पदक, 36 रजत मेडल तथा 60 कांस्य पदक जीता है।**

## मेला सह प्रदर्शनी में किसानों को किया गया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रगतिशील किसानों द्वारा उन्नत कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी। मेला का आयोजन कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग सह कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा किया गया था। मेला में अच्छे उत्पाद के लिए किसानों को पुरस्कृत व सम्मानित भी किया गया। इससे पहले मेला का उद्घाटन जिला पार्षद विजय रविदास, प्रखंड प्रमुख रंभा देवी, बीडीओ राजीव सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव और जिला कृषि तकनीकी प्रबंधक प्रवीण राज ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे ने किया। मेला में कृषि उत्पादों के लगी प्रदर्शनी का सभी अतिथियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों को नई तकनीक की जानकारी भी दी गयी। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डू, किशोर कुमार, सत्यनारायण राम, सुजीत मिश्रा, प्रदुमन सिंह, शिवशंकर तिवारी, एजीएम इम्तियाज अंसारी, बीटीएम यूसुफ आजाद सहित सभी पंचायतों के कृषि मित्र और कई किसान मौजूद रहे।

## आरसीयू के कुलाधिपति को किया गया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर रामनवमी पूजा समिति ने सोमवार को रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को सम्मानित किया। विश्रामपुर आरसीआईटी के सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में मेदिनीनगर रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी ने डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को तलवार और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावे युगल किशोर चंद्रवंशी ने डॉ ईश्वर सागर को रामनवमी के दिन मेदिनीनगर आने का निमंत्रण भी दिया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि अध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी के नेतृत्व में मेदिनीनगर शहर में सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन होता है। मौके पर विजय चंद्रवंशी सहित पूजा समिति के लोग मौजूद रहे।

## संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी, टॉपरों को किया पुरष्कृत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ने सोमवार को एक सादे समारोह में 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया। जिसका उद्घाटन एसडीपीओ आलोक टूटी ने किया। परीक्षा परिणाम की घोषणा एसडीपीओ और स्कूल के निदेशक एनके तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। परीक्षा परिणाम में छात्राओं का दबदबा रहा। छात्रा गुंजन गुप्ता 99 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं प्रीत संभव 98.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और शुभम कुमार 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय टॉपर बना। सभी टॉपर छात्र छात्राओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरष्कृत किया गया। एसडीपीओ ने टॉपरों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को यह बेहतर परीक्षा परिणाम उनके कठिन परिश्रम और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से मिला है। संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिये पहले से ही जाना जाता है। उन्होंने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिये कई टिप्स भी दिये। वहीं, निदेशक एनके तिवारी ने बताया कि इस बार 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। बच्चों का औसत प्राप्तांक 94 प्रतिशत रहा। जिसका श्रेय शिक्षकों और बच्चों को जाता है। मौके पर एसआई दास, श्याम चंद्रवंशी, चंदन शर्मा, शानू, दुर्गा कुमारी, कोमल कुमारी, सोनू गुप्ता, मंजू आर्य, काजल कुमारी, खुशबू कुमारी, वर्षा रजक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका और अभिभावक मौजूद थे।

## गौरा में ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा पर होगा श्रीमद्भागवत कथा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाघमनवा पंचायत के गौरा गांव में ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा सह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होना है। इसकी जानकारी आयोजन समिति के संजय उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा राघव प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। कथा का शुभारंभ 27 मार्च से होगा। वहीं, 30 मार्च को कलश यात्रा निकाली जायेगी।

# कचरे के ढेर पर संचालित हो रहा शिक्षा का मंदिर डीपीएस स्कूल

## कचरा जलाये जाने से फैल रहा जहरीला धुआं, मेदिनीनगर निगम प्रशासन मौन

रंजीत पांडेय

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सरकार एवं प्रशासन पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन करने के साथ ही प्रदूषण को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। इसे लेकर कई तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में निगम प्रशासन ने शहर के कई स्कूलों में स्वच्छता सेमिनार आयोजित कर शिक्षकों और बच्चों को स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी भी दे रही है। वहीं, दूसरी ओर, नगर निगम की ओर से प्रतिदिन पर्यावरण एवं वातावरण को प्रदूषित की जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से संग्रह किये गये कचरे को निगम की ओर से



डीपीएस स्कूल के आस-पास फैला कचरा।

शाहपुर-गढ़वा मार्ग पर मंगरदाहा घाटी के समीप फेंक दिया जाता है। करीब 50 टन कचरा प्रतिदिन निगम द्वारा फेंका जाता है। इससे निकलने वाले दुर्गंध और जहरीला धुआं से आम राहगीर परेशान रहते हैं। वहीं, उस कचरे के ढेर के दोनों तरफ आयुष्मान आरोग्य केंद्र और दिल्ली पब्लिक स्कूल संचालित होती हैं। जिससे अस्पताल में आए मरीज और दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चें प्रदूषित हवा लेने को मजबूर हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल के संचालनकर्ता एक तरफ अपने विद्यालय की दीवार पर स्वच्छ भारत मिशन लिखे संदेश की ओर बच्चों का ध्यानाकृष्ट करा रहा हैं। वहीं, दूसरीं तरफ उस नियम कानून को ताक पर रखकर कचड़े के ढेर से सटे स्कूल संचालित किये जा रहे हैं। जहां कचरा जलने से निकलने वाला जहरीला धुंआ जानलेवा बीमारी पैदा करता है। समय-समय पर निगम के जेसीबी द्वारा आग लगे कचरे को फैलाया जाता है, ताकि पूरा कचरा जल जाये। इस तरह नगर निगम प्रशासन वातावरण को प्रदूषित करते हुए आम आदमी के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। वहीं सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत कुमार ने कहा कि जानकारी नहीं थी। अब जानकारी मिली हैं तो जांच कर मामले को संज्ञान में ली जाएगी। इधर, इस संदर्भ में डीईओ सौरभ प्रकाश से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## बैकुंठ का मार्ग प्रशस्त करता है श्रीमद्भागवत कथा : गौरव कृष्ण



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के गूरी ग्राम पंचायत की ओर से आयोजित ज्ञान महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा के पांचवे दिन गौरव कृष्ण पाठक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा बैकुंठ का मार्ग प्रशस्त करता है। इसके श्रवण मात्र से ही जीवन तर जाता है। लेकिन इसकी सार्थकता तभी है जब इसे अपने जीवन शैली में आत्मसात किया जाए। इसके अलावा अनंताचार्य जी महाराज ने शिव पुराण की संगीतमय कथा का रसपान श्रोताओं को कराया। इससे पहले कथावाचक गौरव कृष्ण पाठक और अनायचार्य जी महाराज का माल्यार्पण विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया। यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा ने थाना प्रभारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सौरभ चौबे ने कहा यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और भागवत कथा से मन शुद्ध होता है। मौके पर तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, सेवानिवृत शिक्षक राम लखन पांडे, सरयू प्रसाद पांडेय, रमाकांत पांडेय, विनोद पांडेय आदि मौजूद थे।

# सुखदेव भगत ने अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर में कमी का मामला उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने लोकसभा में अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर में कमी का मामला को संसद में उठाया। सांसद ने तारांकित प्रश्न के तहत जनजातीय कार्य मंत्री से पूछा कि सरकार द्वारा दी गयी विभिन्न पहलू के बावजूद अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर कम है। सरकार अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता दर कम होने की समस्या का समाधान करने के लिए क्या विशिष्ट उपाय किये हैं। साथ ही साथ आश्रम विद्यालय योजना में बुनियादी ढांचे और कर्मियों की कमी के कारण स्वीकृत विद्यालय में से 40% से अधिक कार्यशील नहीं है। साथ ही साथ मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना इसके माध्यम से 22 लाख से अधिक जनजातीय छात्रों को सहायता प्रदान की जाती है। लेकिन समय से छात्रवृत्ति नहीं मिलने से छात्रों की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, सरकार इन विकल्पों को सुधारने और जनजातीय शिक्षा व्यवस्था को बेहतर ढंग से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार क्या ठोस कदम उठा रही है। सांसद के प्रश्नों का जवाब देते हुए केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के मंत्री जुएल ओराम ने बताया कि केंद्र सरकार अनुसूचित जनजातियों के बीच साक्षरता दर बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं को लागू कर रखी है। स्कूल और साक्षरता विभाग समग्र शिक्षा अभियान को लागू किया है इसके तहत अनुसूचित जनजातियों के बच्चों को फायदा हो। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जनजातीय बच्चों का निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान के लिए 719 स्थान को मंजूरी दी गयी है, जिसमें 477 विद्यालय क्रियाशील है शेष क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत जारी है ।

# बिजली तार के साथ चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा पुलिस ने सोमवार को चोरी के बिजली तार के साथ कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीती 23 मार्च की रात को कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोंडेकेरा से मुरहू की ओर जाने वाली डेड लाइन का विद्युत पोल से चोरो के द्वारा लगभग दो किमी 33 केबी तार को काटकर चुरा लिया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने गुमला के पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को दी। वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बसिया के पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम के नेतृत्व पर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव कोंडेकेरा के पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पीले रंग के एक ऑटो मे बिजली का तार लोड मिला। इसके साथ दो लोग पकड़े गये। जिसमे एक ने अपना नाम अताउल अंसारी और दूसरा ने अपना नाम शहनवाज अंसारी बताया। दोनो बांसटोली रहमत नगर सिसई निवासी हैं। इसके बाद पुलिस द्वारा पूछताछ किये जाने पर उन्होंने चोरी की घटना मे संलिप्त अन्य दो युवक का नाम बताया जिसमे क्रमशः दीपक कुमार साहु और राहुल महली के नाम बताये। दोनो गांव कोंडेकेरा, थाना कामडारा निवासी बताये जा रहे हैं। उक्त दोनो को भी पुलिस गिरफ्तार कर थाना लायी। इसके अलावे चोरी की इस घटना मे अन्य चार लोगों का नाम बताया गया। जो फिलहाल फरार है। उक्त आरोपियों के द्वारा चोरी की घटना मे अपनी संलिप्तता स्वीकार किये जाने के बाद पुलिस ने उक्त सभी के विरुद्ध कामडारा थाना मे मामला दर्ज कर गुमला जेल भेज दी गयी।

छापेमारी दल मे बसिया पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राम,थाना प्रभारी शशि प्रकाश, धीरेन्द्र कुमार सहायक विद्यूत अभियंता कामडारा, सशस्त्र पुलिस बल कामडारा शामिल थे।

**इन सामानों को पुलिस ने किया जब्त**

बरामद समान--पीला रंग के एक तीन चक्का ओटो,डाला मे लोड सात बंडल 33 केबी तार जिसका वजन 4.1 किंवटल,लोहे का भारी वजन नापने की मशीन, दो मोबाइलजब्त किए गए हैं। वहीं आरोपियों के निशानदेही पर पोल चढने वाला औजार, चोरी का तार तीन बंडल,तार मोडने वाला रड सहित अन्य समान बरामद हुई है।

## देवाकी में चलाया गया 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** नो हेलमेट नो पेट्रोल का अभियान सोमवार को देवाकी स्थित भारत पेट्रोल पंप में चलाया गया। जहां मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की कि उपस्थिति में जांच हुआ। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभास ने बताते हुए कहा कि प्रति वर्ष देश व राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है, इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। इधर अभियान में मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा यातायात नियम, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साईनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन सहित संबंधित तथ्यों के विस्तृत जानकारी मुहैया करायी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, आईटी सहायक मंटू रवानी, प्रणय कांशी एवं अश्वनी शामिल थे।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं आने से परेशान महिलाएं पहुंची प्रखंड कार्यालय, ली जानकारी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो महिलाएं मंईयां सम्मान योजना की राशि खाते में नहीं आने से परेशान प्रखंड कार्यालय पहुंची और कर्मी से जानकारी ली। इस संबंध में महिलाओं ने कहा कि कई लोगों के खाते में 3 महीने का किस्त 7500 आ चुका है। लेकिन हम लोगों के खाते में अब तक मंईयां सम्मान की राशि नहीं गयी है। पूर्व के मइया सम्मान के राशि दो किस्त ही मिल पायी है। वही कई महिलाओं ने यह भी कहा कि आखिरकार हम लोगों के खाते में राशि क्यों नहीं पहुंचा जबकि अन्य कई महिलाओं के खाते में किस्त की राशि पहुंच गयी है। वहीं खाता में आखिरकार पैसा क्यों नहीं गया इसकी जांच कराने को लेकर महिलाएं घंटों कतार में खड़ी रही। साथ ही महिलाओं में नाराजगी भी देखी गयी। महिलाओं का कहना था कि अगर सरकार महिलाओं को सम्मान दे रही है तो सभी लोगों को एक तरीके का सम्मान दे अन्यथा ना दे। इस संबंध में गुमला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ललन कुमार से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा की प्रक्रिया चल रहा है जल्द ही सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में किस्त की राशि का लाभ दिया जायेगा।

# 20 टीबी मरीजों के बीच पोषण सामग्री का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर सोमवार दिन के 2 बजे सदर अस्पताल गुमला ब्लड बैंक के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुमला प्रखंड के 20 यक्ष्मा रोगियों के बीच पोषण सामग्री का वितरण किया गया और यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम में सहयोग करने वाले निश्चय मित्रों एवं सहिया सदस्यों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने कहा कि जर्मन वैज्ञानिक रोबट ने 24 मार्च 1882 में माइक्रो बैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस की खोज की थी। उनके याद में 24 मार्च को हर वर्ष विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने यक्ष्मा रोग के नियंत्रण के लिए गुमला में अच्छे कार्य कर सहयोग करने वालों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। जिनमें हिंडाल्को सीएसआर हेड नीरज कुमार, अभय भारती, भूतपूर्व दारोगा जगन्नाथ उरांव, सरस्वती सर्जिकल गुमला के संजय महापात्र, सुलेमान अंसारी, महेश्वरी महिला समिति के सदस्य, सरजू साहू, संजीव उर्वशी, दीपक गुप्ता, राहुल शेखर, भीम अग्रवाल, दुर्जय पासवान, हिंदुस्तान एजेंसी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा गणेश राम आदि के नाम शामिल है। इस अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने यक्ष्मा जागरूकता सह बचाव के कार्य के लिए सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। गुमला प्रखंड के रोगियों को पोषण सामग्री का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के नोडल अधिकारी सह रांची के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक ठक्कर, तकनीकी पदाधिकारी रांची हिमांशु शेखर, हरिशंकर मिश्रा, विनय गुप्ता,मुकेश कुमार सिंह, सुधांशु भूषण मिश्रा, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

# शिकायत करने थाना पहुंचा दंपति, पुलिस ने महिला को दी गाली, पति को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा पुलिस के पास फरियाद लेकर पहुंचे पति-पत्नी के साथ पुलिस ने की बर्बरता। पति को लाठी से पिटा व पत्नी को गालियां दी। मामला है घाघरा प्रखंड के हापामुनि गांव का घटना के संबंध में अमरजीत भगत ने बताया कि बीते रविवार को हापामुनि ग्राम निवासी अमरजीत भगत अपने बेटा का रिजल्ट लेने के लिए घर से निकला। पत्नी रानी देवी घर पर अपने 4 माह की बच्ची के साथ थी। अकेला देख ससुर हरिनंदन भगत गली गलौज करते हुए रानी को लात घुसो से मारने लगा जिससे बच्चा को भी हल्की चोट आई है। जिसके बाद रानी ने अपने पति अमरजीत को फोन कर जानकारी दी जिसके बाद अमरजीत घर पहुंचा और अपनी पत्नी व छोटी बच्ची को लेकर थाना पहुंचा। थाना में मौजूद अधिकारी के समक्ष घटना की जानकारी दी तो अधिकारी ने कहा लिखित दो तब करवाई करेंगे। जिसके बाद अपने ससुर के द्वारा मार पीट की घटना को लिखित तौर पर रानी ने दिया। जिसके बाद अधिकारी ने अमरजीत से कहा शर्ट का बटन बंद कर बात करो जिस पर अमरजीत ने कहा शर्ट का बटन टूटा हुआ है नहीं लगेगा इतने में अधिकारी को गुस्सा आ गया और कहने लगे तुम बहुत बोल रहे हो तुमको तो हम पूछते हैं यह कह कर अमरजीत को मारते हुए थाना के अन्दर ले गए और बैठा कर पैर के तलवे में 15-20 लाठी मारा। और पत्नी को भी कहा तुमको महिला चौकीदार से शाम में 50 लाठी मरवाते है तेरे में बहुत गुस्सा है सब शांत करा देंगे। जिसके बाद तुगलकी फरमान जैसा बॉन्ड पुलिस के द्वारा लिखकर भेज दिया अमरजीत ने बताया कि पुलिस अपने मन से बॉन्ड लिखा बॉन्ड में लिखा है कि तुम्हारे पिता तुम्हें अपने घर में रखना नहीं चाहते हैं तुम दोनों अपने रहने का ठिकाना खोज लो। जिसके बाद शाम में जब मेरे सास ससुर थाना गये तब हमलोगों को छोड़ा।

**पुलिस का ऐसा रूप आज तक हमने नहीं देखाः अमरजीत**

पुलिस के इस कृत्य से अमरजीत और उसकी पत्नी काफी डरे हुए है अमरजीत ने कहा आज तक पुलिस का ऐसा रूप हमने नहीं देखा था। हमे लगा कि घर में पिताजी मेरी पत्नी को मारपीट किए अब थाना में जाने से हमें न्याय मिलेगा पर हमें न्याय क्या मिलेगा उल्टा मेरी पत्नी को गाली गलौज और मुझे लाठी से मारा गया जिससे मेरा पैर सूज गया है।

**पूर्व में भी कई बार फरियादियों के साथ थाना में पुलिस कर्मियों के द्वारा किया गया है मारपीट और प्रताड़ना**

घाघरा थाना में फरियादियों के साथ मारपीट का यह कोई पहला मामला नहीं,इसके पूर्व में भी एक नाबालिक के साथ मारपीट करने और प्रताड़ित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह के द्वारा एक सब इंस्पेक्टर सहित चार पुलिस कर्मियों को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई का अनुशंसा कर दिया था।जिसके बाद भी घाघरा थाना में यह संगीन मामला निश्चित रूप से पुलिस के डरावना चेहरा को दर्शाता है।

**पुलिस के भय से ग्रामीणों में है डर का माहौल, भयभीत ग्रामीण पुलिस के पास नहीं जाना चाहते**

एक दिन पूर्व ही घाघरा के तमाम लोगों ने सामूहिक बैठक कर पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि पुलिस के द्वारा अंग्रेज जमाने का पुलिसिंग करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा है, भय का माहौल बनाया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा भय के कारण निर्णय लिया गया कि वर्षों से जिस थाना में रामनवमी का झंडा मिलन होता था अब इसी थाना की पुलिस की डरावना कार्रवाई से त्यौहार नहीं मानने का निर्णय लिया है।

**मामले की जांच करेंगे एसडीपीओ**

इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि थाना में मारपीट का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, इस पूरे मामले को गंभीरता से हम लोग जांचेंगे, अगर मामले में सच्चाई होगी तो निश्चित रूप से यह गंभीर विषय है और कार्रवाई होगी।

## बीडीओ ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक परिसर सभागार में बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी दिनेश कुमार के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने मुख्य रूप से इ केवाइसी करने हेतु जिसका विशेष सप्ताह 21 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित हो रहा है। उसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को घर–घर जाकर इ केवाइसी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा इसका दैनिक प्रतिवेदन प्रखंड के कंप्यूटर ऑपरेटर के पास संध्या 4 बजे तक व्हाट्सएप के माध्यम से देने हेतु निर्देशित किया गया तथा आपूर्ति प्रभारी प्रदीप कच्छप को निदेश दिया गया कि सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से प्रतिवेदन प्राप्त करके प्रतिदिन समेकित प्रतिवेदन तैयार करें। इसके अलावा एनएफएसए ग्रीन राशन कार्ड चना दाल वितरण एवं धोती साड़ी वितरण की समीक्षा भी की गयी। ग्रीन राशन कार्ड के कार्ड धारी को राशन वितरण में कुछ जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के प्रतिशत कम रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। साथ ही उन पर अगले बैठक तक सुधार करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में घाघरा प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार उपस्थित थे।

# मूलभूल सुविधाओं से दूर है सकरा पहाड़ टोली

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** देश में एक तरफ-हाइटेक सिटी मॉडल सिटी बनायी जा रही है। तमाम सुख सुविधाओं से लैस शहर बनाये जा रहे हैं। चारों ओर सड़कों की जाल बिछाई जा रही है। वहीं आज भी कई गांव ऐसे भी हैं जहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां सड़क-पानी-बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं अब तक नहीं पहुंच सकी हैं। ऐसा ही एक गांव चैनपुर प्रखंड मुख्यालय से 28 किलोमीटर की दूरी पर जंगल पहाड़ो पर बसा सकरा पहाड़ टोली गांव है। पहाड़ी पर बसे इस गांव के लोग विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। इस गांव में 25 घर है जिसमें लगभग 150 की आबादी रहती है। मुख्यालय से करीब 28 किमी दूर बामदा पंचायत के सकरा पहाड़टोली गांव के लोग वर्षों से समस्याओं से जूझ रहे हैं। गांव पहुंचने के लिए 3 किलोमीटर पहाड़ों में बने पगडंडी में चलकर जाना पड़ता है। सड़क नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए भी 3 किलोमीटर दूर ढोकर ले जाना पड़ता है। सड़क नहीं होने के कारण सरकार की जनकल्याणकारी योजना अबुआ आवास को भी गांव के लोगों ने ठोकर मार दिया है। अबुआ आवास की लाभुक बीरसो देवी बताती है कि अबुआ आवास तो मिला मगर भवन निर्माण सामग्री को गांव तक पहुंचाना संभव नहीं है, जिसके कारण अबुवा आवास योजना का लाभ नहीं ले सके। गांव में ऐसे और कई लाभुक है जिन्होंने योजना का लाभ सड़क नहीं होने के कारण नहीं ले सके। वहीं ग्रामीण अमित भगत, लालू टोप्पो शहीद कई लोगों ने बताया कि राशन लाने के लिए भी हमें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है 7 किलोमीटर दूर सिविल गांव जाकर सर में ढोकर पहाड़ी चढ़कर हम राशन लाते हैं। गांव में पेयजल की भी भारी समस्या है। गांव में एक जल मीनार तो बना था मगर वह भी पिछले कई वर्षों से खराब पड़ा हुआ है जिसका मरम्मत किसी ने नहीं करवाया गांव के लोग आज तालाब में होने का पानी पीने का मजबूर है।

## अंबेरा गांव में महिला ने लगायी फांसी

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबेरा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। गांव की रहने वाली 22 वर्षीय विनीता उरांव, पति चामा उरांव ने सोमवार को एक पेड़ में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही करंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतार अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलु से जांच पड़ताल में जुट गयी है। फिलहाल महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।

## दुर्गा मंदिर परिसर में बजरंग दल की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा मंदिर परिसर बड़ाइक मोहल्ला में बजरंग दल की बैठक जिला संयोजक संतोष यादव की अध्यक्षता में रविवार की अपराह्न 4 बजे संपन्न हुई। बैठक में आगामी हिंदू नव वर्ष को धूमधाम से पूरे शहर के हर घर और मंदिर में दीप जलाकर मनाने का निर्णय लिया गया। महिला मंडल के माताओं के बीच हिंदू नव वर्ष में द्वीप प्रज्वलित करने को लेकर आग्रह करने की बात कही गयी। बैठक में बजरंग दल के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विहिप, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति की बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत पिबो पंचायत के लोकी जमगई ग्राम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति संयुक्त बैठक की गयी। जिसमें पुनः समिति गठन किया गया कई लोगों को दायित्व दिया भी गया। बैठक में मुख्य रूप से लव जिहाद धर्मांतरण गौ माता की रक्षा करते हेतु विशेष चर्चा की गयी। गुमला जिला में लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं को लेकर हिंदू समाज को सशक्त बनाना होगा अपने घरों में अपने परिवार को सनातन संस्कृति के इतिहास को बताना होगा क्योंकि जिस तरह से भारत में लगातार हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं मठ मंदिरों को तोड़ा जा रहा है लेकिन हम लगातार सभी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के माध्यम से समाज को संगठित कर रहे हैं। आगामी कार्यक्रम हिंदू नव वर्ष को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति की ओर से अपील की गयी है कि अपने घरों और मंदिरों में दिया अवश्य जलाये और साथ ही अपने घर के छत पर भगवा ध्वज जरूर लगाये। बैठक में माताओं बहनों भाइयों को रामायण और भागवत गीता भेंट किया गया। उपस्थित गण में विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, विभाग संयोजक मुकेश सिंह, सेवा प्रमुख अमन राणा, जिला संयोजक संतोष यादव, गौ रक्षा प्रमुख छोटू प्रधान, मुन्ना बड़ाइक, बैजनाथ सिंह, निर्मल खड़िया, विशुन सिंह, करण सिंह, आरती कुमारी, सुनिता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल-ए के मुकाबले में हॉकी हरियाणा को 2-0 से हराया। ओडिशा की ओर से प्रतिभा किंडो (9) और शिबानी लुगुन (59) ने गोल दागकर टीम को शानदार जीत दिलायी

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीगः फाइनल फेज के पांचवें दिन ओडिशा, मिजोरम, महाराष्ट्र और झारखंड की टीम जीती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम (रांची) में खेले जा रहे नेशनल विमेंस हॉकी लीग 2024-25 के फाइनल फेज के पांचवें दिन हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी मिजोरम, हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अंकतालिका में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

**पहला मुकाबलाः** हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल-ए के मुकाबले में हॉकी हरियाणा को 2-0 से हराया। ओडिशा की ओर से प्रतिभा किंडो (9) और शिबानी लुगुन (59) ने गोल दागकर टीम को शानदार जीत दिलायी। इस जीत के साथ ओडिशा की टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी, जबकि हॉकी हरियाणा अभी भी शीर्ष पर बनी हुई है।

**दूसरा मुकाबलाः** हॉकी मिजोरम ने रोमांचक मुकाबले में हॉकी मध्य प्रदेश को 2-1 से हराकर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। मिजोरम की ओर से लालतलछुंगी (42) और मंगलावमसंग (58) ने गोल किये, जबकि मध्य प्रदेश के लिए सुनीता कुमारी (54) ने एकमात्र गोल किया। इस हार के साथ हॉकी मध्य प्रदेश पांचवें स्थान पर खिसक गयी।

**तीसरा मुकाबलाः** हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी बंगाल को 4-2 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। महाराष्ट्र के लिए सानिका चंद्रकांत माने (18), तनुश्री दिनेश कडू (29), निक्कू गुर्जर (54) और खुशी (56') ने गोल किये। वहीं, बंगाल की ओर से जमुना एक्का (3') और कप्तान सुबिला तिर्की (48') ने गोल किए। इस जीत से महाराष्ट्र छठे स्थान पर पहुंच गया, जबकि बंगाल अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में है।

**चौथा मुकाबलाः** हॉकी झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मणिपुर हॉकी को 8-0 से करारी शिकस्त दी। झारखंड की ओर से संगीता कुमारी (2, 21, 48) और स्वीटी डुंगडुंग (20, 35, 51) ने हैट्रिक लगायी, जबकि पिंकी कुमारी (23, 37) ने भी दो गोल दागे। इस धमाकेदार जीत के साथ झारखंड की टीम अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गयी, जबकि मणिपुर सातवें स्थान पर है।

# स्कूटी और बाइक की टक्कर में दो लोग घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला रांची रोड स्थित नागफेनी पेट्रोल पंप के समीप रविवार की शाम 6 बजे स्कूटी और बाइक में टक्कर हो गयी। घटना में स्कूटी सवार पालकोट थाना क्षेत्र के डहु दड गांव निवासी 19 वर्षीय आर्यन उरांव और 18 वर्षीय ममता कुजूर घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों स्कूटी में सवार होकर सिसई के नगर गांव मेहमान गये थे। वहीं रविवार की शाम वापस लौट रहे थे। तभी नागफेनी पेट्रोल पंप के समीप मोड़ से अचानक एक बाइक में सवार तीन युवक सड़क पर आ गयी। तेज रफ्तार होने के कारण स्कूटी और बाइक में टक्कर हो गयी। घटना में बाइक सवार तीनों युवक को हल्की चोट लगी लेकिन उनका स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया।

## पिकअप के धक्के से बाइक सवार युवक की हुई मौत, एक अन्य गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के राजगंज के कल्याणपुर क्षेत्र में सोमवार को अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान समीर अंसारी के रूप में हुई है। वहीं, इसी हादसे में घायल युवक का नाम अजीज अंसारी है। दोनों रिश्ते में भाइ हैं। दोनों गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो मोड़ के समीप महाराजगंज के रहने वाले हैं। इस बाबत अजीज अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राजगंज के कल्याणपुर से निजी काम कर वो अपने भाइ समीर अंसारी के साथ गोविंदपुर लौट रहा था। बाइक अजीज अंसारी ही चला रहा था, जबकि समीर पीछे बैठा था। तभी अचानक एक पिकअप वैन ने पीछे से आकर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से 1033 एंबुलेंस से धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने समीर को मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

## नियोजन सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा के जीसीपीएल गोपीनाथपुर क्षेत्र के प्रभावित लोगों को नियोजन सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को जिप सदस्य संजय उर्फ पिंटू सिंह अपने दर्जनों समर्थकों के साथ गोपीनाथपुर के समीप अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। इसमें जीसीपीएल कंपनी से प्रभावित दर्जनों पुरुष-महिलाएं भी शामिल हुईं। जिप सदस्य संजय सिंह सहित अन्य लोगों ने डॉ बाबा साहेब अंबेडकर एवं भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भूख हड़ताल शुरू किया। इस दौरान सभी ने जीसीपीएल प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संजय सिंह ने कहा कि जीसीपीएल कंपनी एमडीओ मोड़ की कंपनी है, जो डेढ़ साल पहले शुरू हुई है। लेकिन कंपनी आज तक आरएनआर नहीं बना पायी। कंपनी से प्रभावित लोगों के नियोजन का कोई पुख्ता नियम भी नहीं है। इसे लेकर दो महीना पहले कंपनी के साथ पात्राचार कर स्थिति को स्पष्ट करने को कहा गया था। पर प्रबंधक ने मांगों को अनसुना कर दिया। मजबूरन होकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा। उन्होंने कहा कि जबतक हमारी मागों पर सार्थक निर्णय नहीं हो जाता अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी।

## रैली निकाल कर टीबी के प्रति लोगों को किया जागरूक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व टीवी दिवस पर सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय से डीआरएम चौक तक जागरूकता रैली निकाली गयी। इसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और चिकित्सक शामिल हुए। इस दौरान लोगों को टीवी के प्रति जागरूक किया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि टीवी एक गंभीर बीमारी है। है इसके रोकथाम के लिए प्रति वर्ष विश्व जागरूकता दिवस मनाया जाता है। टीवी के रोकथाम का इलाज सरकार की ओर से निःशुल्क है। इसका इलाज कराने वाले मरीजों को पोषण आहार लेने के लिए प्रति माह एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य टीवी के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

## स्वच्छता अभियान और स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय मूनीडीह प्रोजेक्ट में स्वच्छता अभियान और स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें दुबराजडीह पंचायत के मुखिया, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य और शिक्षक उपस्थित थे। इसमें बालूडीह चौक से बीसीसीएल अस्पताल. चौक-चौराहे एवं अन्य सार्वजनिक स्थान के साथ ही विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके अलावा हैंडवाश कार्यक्रम, स्वच्छता जागरूकता संबंधित चित्रकला प्रतियोगित, स्वच्छता जागरूकता संबंधी निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल दिया जाएगा।

## ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में कतरास के अनंत सफल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** रानी बाजार निवासी विजय कुमार झा एवं डॉ शिवानी झा के पुत्र अनंत श्रीकृष्णा ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में सफलता हासिल की है। बतातें चलें कि कंप्यूटर साइंस में बैंगलोर से इंजीनियरिंग करने के बाद सिंगापुर से एमबीए करने के बाद बैंगलोर, हैदराबाद, मेलबोर्न (ऑस्ट्रेलिया), शंघाई (चीन) में वर्षो तक अपनी सेवा देने के बाद उन्होंने एलएलबी की डिग्री हासिल की और पहले ही प्रयास में ही ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में सफलता हासिल की है।

उनकी इस सफलता पर डॉ विश्वनाथ चौधरी, उषा चौधरी, बीके मिश्रा, साधना मिश्रा, डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, डॉ धीरज चौधरी, कविता झा, प्रभात मिश्रा, प्रदीप झा, सानू झा, डॉ ममता, डॉ विमल कुमार, डॉ साधना, डॉ नीतू सहाय, उदय कुमार सिंह, कृष्णा अग्रवाल, जयकांत प्रसाद सिंह, अनुज सिन्हा, शंकर चौहान, विनोद सिंह, गौतम मंडल, दीपक मिश्रा, मुन्ना झा, धीरज सिंह, अमित पासवान आदि ने बधाई दी है।

# बीसीसीएल के डीजी सब स्टेशन में चोरों ने धावा बोला, मचाया तांडव

## गार्डों के साथ ही पुलिसकर्मी को भी बंधक बनाया

- पुलिसकर्मी के बंधक बनाये जाने की बात अफवाह : भगतडीह ओपी प्रभारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**


चोरों द्वारा नष्ट किया गया ट्रांसफार्मर।

**महुदा।** मुरलीडीह 20/21 कोलियरी स्थित डीजी सब स्टेशन में रविवार की देर रात 12.20 बजे चोरों ने धावा बोल दिया और जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने लोहे का दरवाजा तोड़कर रात ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों विजय हाजरा और महावीर मांझी को बंधक बना लिया और उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया। इसके बाद उन्होंने 2 एमवीए 11 केवी ट्रांसफार्मर की बिजली आपूर्ति काट दी, जिससे कॉलोनी में अंधेरा छा गया। जब सब स्टेशन पर उपस्थित कर्मचारियों और गाड्र्स को अचानक बिजली कटने पर चोरी का संदेह हुआ, तो उन्होंने भाटडीह ओपी पुलिस को सूचना दी। सूत्रों के अनुसार सूचना पाकर पुलिस तुरंत कार्रवाई करते हुए दो पुलिसकर्मी और गार्ड को मौके पर भेजा। पर चोरों ने उन्हें भी बंधक बना लिया और उनके हाथ-पैर बांध दिए। उक्त घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। हालांकि भाटडीह ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने इसे महज अफवाह बताया। कहा कि केवल गार्ड को बंधक बनाया गया था, जिसे पुलिस ने मुक्त करा दिया है। अगर कोई झूटी अफवाह फैलाते पकड़ा गया तो पुलिस उससे सख़्ती से पेश आयेगी। इधर, घटनास्थल पर पुलिस और गाड्र्स ने देखा कि चोरों ने ट्रांसफार्मर को भारी नुकसान पहुंचाया और करीब 800 लीटर तेल बहा दिया। साथ ही कूलिंग सिस्टम के सभी पाट्र्स निकालकर नष्ट कर दिए। इस कारण मुरलीडीह, डीजी कॉलोनी, बूल बाजार, भूली क्वार्टर, छत्रुटांड और भाटडीह क्षेत्रों में पानी और बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई और पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। बतातें चलें कि यह पहली बार नहीं था जब क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया गया। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी 2 एमवीए 11 केवी ट्रांसफार्मर को चोरों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया था, जिसे अब तक ठीक नहीं किया जा सका है। वर्तमान में उसी ट्रांसफार्मर से चार-चार घंटे की बिजली आपूर्ति की जा रही थी, जबकि स्थानीय लोग और कार्यकर्ता 24 घंटे बिजली की मांग कर रहे थे। इसके अलावे चोरों ने एक बीसीसीएल कर्मी को भी चाकू से वार कर लहूलुहान कर दिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह स्थिति जारी रही, तो भविष्य में पानी और बिजली की समस्या का समाधान मुश्किल होगा।

## महुदा में सीमेंट की ईंट फैक्ट्री में सात लाख के सामान की लूट, जांच शुरू



**महुदा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लालबंगला पाण्डेयडीह निवासी परमानंद कुमार वर्मा ने महुदा थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उनकी सिमेंट की ईंट बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार रात को अपराधियों ने धावा बोलकर करीब सात लाख रुपये की मशीनरी सामान चोरी कर ली। शिकायत के मुताबिक, भुरूंगिया ओवर ब्रीज के पास स्थित फैक्ट्री, बॉल माउंट इंफ्रा लिमिटेड में रविवार की देर रात 1.30 बजे अपराधियों ने धावा बोल दिया। वहां से पैनल बोर्ड, कनवेयर रोलर, हाइड्रोलिक सिलेंडर और मोटर सिहत अन्य महंगे उपकरण चोरी कर लिये। चोरों ने यह सब सामान चार पहिया एक वाहन में लाद कर फरार हो गए। परमानंद कुमार वर्मा ने घटना के बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। उन्होंने थाना प्रभारी से अविलंब कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, घटना पर महुदा थाना प्रभारी, देवानंद प्रसाद ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी की सूचना मिलने पर गश्ती दल को मौके पर भेजा गया था, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही अपराधी फरार हो चुके थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## रेलमंत्री से मिले पिंटू सिंह, यात्रियों को होनेवाली समस्याओं से अवगत कराया



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हाजीपुर जोन के रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य पिंटू कुमार सिंह ने रेल यात्रियों की समस्याओं को लेकर सोमवार को रेल भवन में जाकर रेलमंत्री को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने धनबाद से बेंगलुरु और धनबाद से दिल्ली ट्रेन चलाने, हाजीपुर जोन में रेल नीर का उपलब्धता कराने, ब्लैक डायमंड एवं कोलफील्ड एक्सप्रेस को कोडरमा से हावड़ा तक चलाने, हाजीपुर जोन के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर मेडिकल स्टोर खोलने, ट्रेन के वातानुकूलित कोच में स्वच्छ बेड रोल मुहैया कराने, कोच एवं उसके शौचालय को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने आदि मांग की है। वहीं, उनकी मांगों पर रेलमंत्री ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया है।

## विधायक ने विस में उठाया हीरापुर चिल्ड्रेन पार्क के वॉलीबॉल मैदान को आधुनिक बनाने का मामला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा ने झारखंड विधानसभा में धनबाद के हीरापुर चिल्ड्रेन पार्क स्थित वॉलीबॉल मैदान को आधुनिक मैदान बनाने का मामला उठाया। उन्होंने सदन में मांग करते हुए कहा कि हीरापुर चिल्ड्रन पार्क वॉलीबॉल मैदान जिसने राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी दिया है। वह वॉलीबॉल मैदान आज जीर्णशीर्ण स्थिति में है। उसे अविलंब आधुनिक संरचना युक्त चहारदिवारी सहित निर्माण कराया जाय। विधायक ने कहा कि आवश्यक व्यवस्था की कमी के कारण स्थानीय महिला-पुरुष खिलाड़ियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मैदान की घेराबंदी नहीं होने से उक्त मैदान में असामाजिक तत्वों का अड्डा लगा रहता है और जानवरों का चारागाह बनकर रह गया है।

## राम अवतार चौहान को दी गयी श्रद्धांजलि

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला नागेश्वर शिव मंदिर परिसर में सोमवार को स्व. रामावतार चौहान स्मृति मंच की ओर से समाजसेवी डा रामावतार चौहान की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। उनके चित्र पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अधिवक्ता मिश्रीलाल और 'जीवन' के संस्थापक एके सिंह मौजू रहे। एके सिंह ने मंच को एक दिव्यांग व्हील चेयर भी प्रदान किया। वहीं, मंच के जिलाध्यक्ष बिहारी लाल चौहान ने कहा कि रामावतार चौहान का समाज को जागृत करने में अहम योगदान रहा है। वे हमेशा लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते रहे। हमेशा समाजिक कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके अधूरे कार्य को पूरा करेंगे वही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर अधिवक्ता हिरालाल चौहान ने की। मौके पर सिपाही चौहान, झरिलाल चौहान आदि थे।

## संविधान का पालन करना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी: डॉ मृणाल

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास बाजार स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर सोमवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी. जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद राजा ने किया। इसमें सामिल जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ मृणाल ने अपने संबोदन में शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत एवं भारत की स्वतंत्रता में क्रांतिकारियों के महान योगदान और बलिदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। शहीदों की माताओं के त्याग की चर्चा की और उनको नमन किया। डॉ मृणाल ने कहा कि सारी बुराईयों के समाधान का एक ही रास्ता है भगत सिंह के विचार, समाजवाद और शोषण मुक्त समाज है। क्रांतिकारियों का विचार, समाजवाद का सिद्धांत एवं भारतीय संविधान का पालन ही शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह, मातादीन अग्रवाल, झामुमो नेता कंचन महतो, समाजसेवी प्रभात राय, अधिवक्ता अमीत भगत, टींकू सिंह, सचिदानंद कुमार, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो, निरंजन महतो, शिक्षक माणिक महतो, राजू खान, बिंदुल लहरी ने भी अपने-अपने विचारर रखे। वहीं, इप्टा के विष्णु कुमार, मो नासिर खान, विनोद कुमार, राजा चक्रवर्ती, धर्मजी एवं अर्जुन के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नकुल महतो, जिला संयोजक मंडल के सदस्य मनोज रवानी, झामुमो पूर्व प्रखंड सचिव रंजीत महतो, उत्तम महतो, दिनेश महतो, रुपेश महतो, संदीप कुमार, सोनू राय, मो असलम, परवीन लाला आदि मौजूद थे।

## उलगड़ा में दो करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले पुल के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

### चिपुदाग एवं उत्तासारा पंचायत के लोग होंगे लाभान्वित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**तेनुघाट।** उलगड़ा पंचायत अंतर्गत चिपुदाग के बड़कागढ़ा एवं उत्तासारा पंचायत के डुमरीगढ़ा के बीच दो करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण कार्य होने वाला है, जिसका शिलान्यास सोमवार को किया गया। राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के निर्देश पर इस दिन प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो एवं झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रकाश महतो ने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत इस पुल का निर्माण किया जा रहा है, जो चिपुदाग एवं उत्तासारा पंचायत को जोड़ेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल के लिए सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का आभार जताया है। साथ ही उम्मीद जताई कि पुल बनने से आवागमन में सहूलियत होगी। साथ ही संवेदक को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर मनोहर मुर्मू, उमेश महतो, फिरोज आलम, चंद्रिका यादव और सुरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ, रामगढ कैन्टोमेन्ट,रामगढ,पिन कोड– 829122
ई–मेल:–ese.ramgarh@gmail.com ]Phone no:- 06553-231987

**सूचना**

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ़ के अन्तर्गत सम्मानित उपभोक्तागण की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्तागण कैम्प में जाकर अपना बिजली बिल आसानी से जमा कर सकते है। कैम्प की तिथि निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | स्थान | प्रखण्ड | कैम्प आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नियर मिडिल स्कूल, बारलोंग | रामगढ़ | 21.03.2025 |
| 2 | पालू | पतरातु | 21.03.2025 |
| 3 | कुल्ही चौक | चितरतपुर | 21.03.2025 |
| 4 | नियर दुर्गामंडप, छत्तरमाण्डु | रामगढ़ | 22.03.2025 |
| 5 | टेरपा | पतरातु | 24.03.2025 |
| 6 | घाटो | माण्डु | 24.03.2025 |
| 7 | दुलमी बाजार | दुलमी | 24.03.2025 |
| 8 | चिकोर गाँधी चौक | पतरातु | 25.03.2025 |
| 9 | महेश होटल लारी | दुलमी | 25.03.2025 |
| 10 | बरगॉव | माण्डु | 26.03.2025 |
| 11 | दोहाकातु, पंचायत भवन | रामगढ | 26.03.2025 |
| 12 | सोसो बुध बाजार | गोला | 26.03.2025 |
| 13 | कोडी बाजार टांड | पतरातु | 26.03.2025 |
| 14 | चरही | माण्डु | 27.03.2025 |
| 15 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय उसरा | रामगढ़ | 27.03.2025 |
| 16 | मगनपुर गोला | गोला | 27.03.2025 |
| 17 | हेसला, ईल्सा गैस एंजेसी | रामगढ़ | 28.03.2025 |
| 18 | मांडू | मांडू | 28.03.2025 |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह०/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ

PR 349092 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त महिला थाना काण्ड सं0-11/2023, दनिांक-05-06-2023 धारा-376(3)/313/323/341/506 भा0द0वि0 एवं पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त वीर सिंह सिन्धु, पे0–स्व0 जमबीरा सिन्धु, सा0–पोडाडीह टोला चिनी साई, थाना–तांतनगर (मंझारी) जिला–प0 सिंहभूम चाईबासा का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Asif Eqbal AJC IV Cum Spl. Judge Posco Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4] PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]

महिला थाना काण्ड सं0-11/2023
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.) process 82 crpc
1. नाम व शिाल पता चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
प्राथमिक अभियुक्त वीर सिंह सिन्धु, पे0–स्व0 जमबीरा सिन्धु, सा0–पोडाडीह टोला चिनी साई, थाना–तांतनगर (मंझारी) जिला–प0 सिंहभूम चाईबास
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2) महिला थाना काण्ड सं0-11/2023, दनिांक-05-06-2023
3. नाम प्राथमिक अभियुक्त वीर सिंह सिन्धु, पे0–स्व0 जमबीरा सिन्धु, सा0–पोडाडीह टोला चिनी साई, थाना–तांतनगर (मंझारी) जिला–प0 सिंहभूम चाईबास और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) **वर्तमान थाना–महिला थाना, जिला–रॉंची** जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जरी न हो सके। पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब
5. मोकाम। सा0–पोडाडीह टोला चिनी साई, थाना–तांतनगर (मंझारी) जिला–प0 सिंहभूम चाईबास फरार मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि धारा-376(3)/313/323/341/506 भा0द0वि0 एवं पोक्सो एक्ट मजकुर साकिन ब–मोकाम(5) अ–हजुर(6)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। **ब–तारीख 19 माह 03.2025** करे जवाब देही के लिए हाजिर हो **नालिश–मजकुर**
**आज तारीख माह सन्**
**Court of Asif Eqbal AJC IV Cum Spl. Judge Posco Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त वीर सिंह सिन्धु, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्याल **Court of Asif Eqbal AJC IV Cum Spl. Judge Posco Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें
पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रॉंची। –9431706143
महिला थाना प्रभारी, रॉंची। –9431709009

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 349127 (Police)24-25*D

## एमसीएल ने सरकारी स्कूलों में सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए किया समझौता




**संभलपुर(आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने भद्रक जिले के नौ सरकारी स्कूलों में सोलर हाई मास्ट एलइडी लाइट लगाने के लिए भद्रक जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। एमसीएल, अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत इस परियोजना के लिए 60 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस परियोजना के तहत भद्रक जिले के सात ओड़िशा आदर्श विद्यालय, एक केंद्रीय विद्यालय और एक जवाहर नवोदय विद्यालय लाभान्वित होंगे। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में स्थायी प्रकाश व्यवस्था प्रदान करना और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इस समझौता ज्ञापन पर बिचित्रानंद बेहरा, महाप्रबंधक (सीएसआर) एमसीएल, तनमय रंजन जेना और उप-कलेक्टर भद्रक द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस पहल के माध्यम से छात्रों के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करेगा।

## राजस्व मंत्री ने बारिश से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की घोषणा की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने मयूरभंज जिले में नुकसान के लिए सहायता की घोषणा की। काल बैसाखी के दौरान मयूरभंज के बांगीरिपोशी और बिसोयि सबसे अधिक प्रभावित हुआ हैं। प्रारंभिक मूल्यांकन रिपोर्ट आ चुकी है। इसके बाद जिलाधिकारी को 20 करोड़ 38 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। सुरेश पुजारी ने रविवार को मयूरभंज जिले के बांगिरपोशी का दौरा किये थे। सुरेश पुजारी ने प्रभावित लोगों से मिलकर उन्हें मुआवजा देने का वादा किया।

### भुवनेश्वर पहुंचीं द्रौपदी मुर्मू, नयागढ़ की यात्रा की

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें : राष्ट्रपति

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति ने भुवनेश्वर से नयागढ़ की यात्रा की और भगवान नीलमाधव मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। बाद में, उन्होंने कलियापल्ली में भारतीय विश्वबासु शबर समाज के स्थापना दिवस समारोह की शोभा बढायी। राष्ट्रपति ने कलियापल्ली में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के शानदार दृश्य बहुत ही आकर्षक हैं। इसमें एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बनने की क्षमता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस क्षेत्र में इंफ्रास्टक्चर के विकास से पर्यटक और तीर्थयात्री आकर्षित होंगे। इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सभी से इस स्थान और क्षेत्र के विकास में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी को कृषि, हस्तशिल्प, पर्यटन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नयागढ़ की संभावनाओं को आकार देने के लिए आगे आना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली भारतीय संस्कृति की विशेषता है। यह आदिवासी जीवन का भी अभिन्न अंग है। आदिवासी भाई-बहन जंगल, पेड़ आदि को देवता मान कर पूजते हैं। आदिवासी मान्यताओं के अनुसार उनके पूर्वजों की आत्माएं जंगल में निवास करती हैं। यह मान्यता वन संरक्षण का महामंत्र है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार आदिवासी भाई-बहनों के सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। साथ ही उनकी कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित कर रही है। उन्होंने आदिवासी भाई-बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक हों और उनका लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं लोगों के सहयोग और भागीदारी से ही सफल होंगी।

## आम ग्राहकों के लिए प्रीपेड बिल पर चार प्रतिशत की छूट

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा विद्युत नियामक आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। ओइआरसी ने बिजली दरों के संबंध में एक प्रेसमिट की है। इस प्रेसमिट में कहा गया है कि प्रीपेड बिल भुगतान पर चार फीसदी की छूट मिलेगी। बिजली की कीमतें अपरिवर्तित रहने से उपभोक्ताओं को थोड़ा आश्वस्थ मिलेगा। स्मार्ट मीटर के किराये में 60 रुपये प्रति माह की कटौती की गयी है। जो दो किलोवाट स्मार्ट मीटर का उपयोग कर रहे हैं। उनके लिए मीटर के किराये में छूट दी गयी है। इ-बिल भुगतान प्रणाली पर प्रति बिल 10 रुपये तक की अतिरिक्त छूट होगी। यदि आप प्रति माह 50 यूनिट का उपयोग करते हैं, तो आपको प्रति यूनिट दो रुपये 90 पैसे का भुगतान करना होगा। यदि आप 50 से 200 यूनिट तक उपयोग करते हैं, तो चार रुपये 70 पैसे। 200 से 400 यूनिट इस्तेमाल करने वालों को प्रति यूनिट 5 रुपये 70 पैसे देने होंगे। 400 यूनिट से ज्यादा होने पर आपको छह रुपये 10 पैसे चुकाने होंगे। उपभोक्ताओं को अब मासिक मीटर किराया देने से छूट दी जायेगी। इस कदम से बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**राजधनवार गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोमवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के जेरूवाडीह पंचायत के मानोडीह में 100 केबी का नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। गांव का ट्रांसफार्मर जल जाने से लोग कई दिनों से अंधेरे में थे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी श्री सिंह को दी तो श्री सिंह ने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर दिलाया। ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामवासिओं ने खुशी जताते हुए श्री सिंह का आभर व्यक्त किया। ट्रांसफार्मर के उदघाटन के बाद श्री सिंह धनवार के अरगाली निवासी प्रमोद सिंह का आकस्मिक निधन पर उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वनादी। उसके बाद धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए और लोगों का जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। मौके पर अजय राय, मुकेश कुमार, पुरूषोतम राय, सकलदेव राय, किशोर कुमार, राहुल कुमार, अनिल राय, उपेंद्र सिंह, अशोक राय, नारायण विश्वकर्मा, पवन सिंह, अमर कुमार मौजूद थे।

## टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के जेइइ और अन्य कर्मचारियों पर हमला

**बुरला/बरगढ़ (आजाद सिपाही)।** टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, 21 मार्च को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़ी निंदा करता है, जिसमें हमारे अनुभाग अधिकारी, गजेंद्र राउत और कंपनी के अन्य कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और शारीरिक हमला किया गया। बरगढ़ जिले के अंबाबाना पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआइआर संख्या 57 के अनुसार, मामले की पुलिस जांच वर्तमान में चल रही है। यह उजागर करना अनिवार्य है कि जब उपभोक्ता महीनों तक अवैतनिक बिल जमा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण बकाया राशि होती है, तो सेवाओं का वियोग एक आवश्यक और वैध कार्रवाई है। हालांकि, यह बेहद परेशान करने वाला है जब इस तरह की स्थितियां हमारे कर्मचारियों के खिलाफ उत्पीड़न और हिंसा का कारण बनती हैं जो केवल नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अपने पेशेवर और आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, एक बार फिर सभी उपभोक्ताओं से उपलब्ध भुगतान चैनलों के माध्यम से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने बकाया बिजली बिलों का निपटान करने का आग्रह करता है, ताकि सेवा वियोग के कारण होने वाली किसी भी असुविधा से बचा जा सके। हमें विश्वास है कि कानून प्रवर्तन अधिकारी इस मुद्दे के समाधान के लिए त्वरित और उचित कार्रवाई करेंगे, और हम उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करते समय अपने कर्तव्यों का पालन करने में अपने सभी कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सभी मामलों में सर्वोपरि महत्व का है।



























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**